


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 183/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10
संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल
■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14
भोपाल, गुरुवार 9 फरवरी 2023 भोपाल से प्रकाशित
dainiksandhyaprakash.in



**भारत में आज से ट्विटर का ब्लू सब्सक्रिप्शन लॉन्चः मोबाइल पर 900 रुपए महीना चुकाने होंगे, वेब यूजर्स के लिए 650 रुपए फीस**

सांध्यप्रकाश विशेष

## आय से अधिक संपत्ति मामले में रिटायर्ड आईएएस अधिकारी और पत्नी पर एफआईटार



**भोपाल।** रिटायर्ड आईएएस रमेश थेटे के खिलाफ जबलपुर लोकायुक्त पुलिस ने दस साल की जांच के बाद कार्रवाई की। लोकायुक्त पुलिस ने पूर्व आईएएस और उनकी पत्नी मंदा थेटे के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर इसे जांच में लिया है। रमेश थेटे (1993 बैच) जबलपुर में 2001-2002 में नगर निगम आयुक्त और संचालक रोजगार एंव प्रशिक्षण जबलपुर के पद पर पदस्थ थे। इस अवधि में उन्होंने कई बैंकों से लोन लिया और उसे फिर अल्प अवधि में चुका भी दिया। लोकायुक्त को 2012-13 में शिकायत मिली और इसकी जांच की गई। करीब 10 साल बाद रिटायर्ड आईएएस के खिलाफ कई धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई। लोकायुक्त पुलिस ने पूर्व आईएएस की पत्नी को भी आरोपी बनाया है।

रिटायर्ड आईएएस अधिकारी रमेश थेटे जब 2001-2002 में जबलपुर आयुक्त नगर निगम के पद पर पदस्थ रहें हैं। बाद में संचालक रोजगार एवं प्रशिक्षण जबलपुर के पद पर कई सालों तक पदस्थ रहे। इस अवधि के दौरान आईएएस रमेश थेटे और उनकी पत्नी मंदा थेटे ने जबलपुर के कई बैंकों से लगभग 68 लाख रुपए का लोन लिया। लोन को पूर्व आईएएस रमेश थेटे ने 2012-13 की अल्प समय पर ही वापस भी कर दिया। बहुत ही कम समय में इतनी बड़ी रकम को बैंक से लेकर उसे वापस करने पर जबलपुर लोकायुक्त पुलिस ने 2012-13 में इस पूरे मामले की जांच शुरू की थी और जांच में पाया कि कहीं न कहीं रमेश थेटे ने अनुपातहीन संपत्ति दर्ज कर उसे लोन के रूप में चुका दिया गया है।

लोकायुक्त ने अपनी 10 साल की जांच के दौरान यह भी पाया कि रिटायर्ड आईएएस ने अनुपातहीन संपत्ति अर्जित की थी। इसी जांच के आधार पर पूर्व आईएएस और उनकी पत्नी के खिलाफ धारा 13 (1) बी, 13(2) पीसी एक्ट 1988 (संशोधित 2018) तथा 120 बी भादंवि के अंतर्गत रिटायर्ड आईएएस और उनकी पत्नी मंदा थेटे निवासी नागपुर के खिलाफ दर्ज की गई।

## नौकरी से गायब रहने पर आईएएस अधिकारी निलंबित




**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के 2011 कैडर के आईएएस अधिकारी अभिषेक सिंह को बिना जानकारी दिए लंबे समय तक गायब रहने के आरोप में ड्यूटी से निलंबित कर दिया गया। ये वही अभिषेक सिंह हैं, जिन्हें गुजरात विधानसभा चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर फोटो अपलोड किया था। तब उन्हें चुनाव का पर्यवेक्षक बनाया गया था। उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाही के आदेश भी दिए हैं। इस संबंध में अलग से आरोपपत्र जारी किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश सरकार ने आईएएस अधिकारी के इस कृत्य को अखिल भारतीय सेवा आचरण नियमावली 1968 के नियम 3 का उल्लंघन मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर राजस्व परिषद से संबद्ध कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंजूरी मिलने के बाद अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक देवेश चतुर्वेदी ने अभिषेक के निलंबन का आदेश जारी किया है।

गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए राज्य सरकार ने चुनाव आयोग को पर्यवेक्षकों की सूची भेजी थी, जिसमें उनका नाम शामिल था। उन्होंने ऑब्जर्वर की जिम्मेदारी भी संभाली। लेकिन, एक कार के सामने फोटो खिंचवाने को लेकर वे सुर्खियों में आए और उचित व्यवहार नहीं करने पर चुनाव आयोग ने 18 नवंबर, 2022 को उन्हें पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी से हटा दिया था। इससे पहले अभिषेक सिंह वर्ष 2014 में एक दलित शिक्षक से अमर्यादित व्यवहार के आरोप में निलंबित किए गए थे। करीब डेढ़ माह निलंबित रहे।

अभिषेक सिंह 2015 से 3 साल के लिए दिल्ली सरकार में प्रतिनियुक्ति पर थे। 2018 में प्रतिनियुक्ति की अवधि 2 साल के लिए बढ़ाई गई। उन्हें 19 मार्च 2020 को दिल्ली सरकार ने उनके मूल कैडर में वापस भेज दिया। लेकिन, उन्होंने लंबे समय तक उत्तर प्रदेश में ड्यूटी ज्वाइन नहीं की। इस बीच 30 जून 2022 को वे अपने यूपी कैडर में शामिल हो गए।

भारी हंगामे के बीच राज्यसभा में प्रधानमंत्री का जवाब-

## जितना कीचड़ उछालोगे उतना कमल खिलेगा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के बजट सत्र के दौरान गुरुवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जितना कीचड़ उछालोगे, उतना कमल खिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमनें बैंकिंग व्यवस्था का स्थाई समाधान निकाला और जनधन अभियान चलाया। पिछले नौ साल में ही 48 करोड़ जनधन खाते खोले गए। 32 करोड़ बैंक खाते ग्रामीण और कस्बों में हुए हैं। यानी देश के गांव तक प्रगति की मिसाल को ले जाने का प्रयास हुआ है। उन्होंने कहा, खरगे जी शिकायत कर रहे थे, मोदी जी बार-बार मेरे चुनावी क्षेत्र में आते हैं। मैं उन्हें कहना चाहता हूं कि कयाकट्टा में एक करोड़ 70 लाख जनधन बैंक खाते खुले हैं। हमारी सरकार की पहचान हमारे पुरुषार्थ के कारण बनी है। हम स्थाई समाधान की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। हम एक-एक चीज को छूकर आगे भागने वाले नहीं हैं। हम मूलभूत आवश्कताओं और स्थाई समाधान की तरफ बढ़ रहे हैं।



पंचायत से लेकर संसद तक उन्हीं की दुनिया चलती थी। उन्होंने इस प्रकार की कार्यशैली और कल्चर विकसित किया कि देश ने एक भी चुनौती का स्थाई समाधान करने का न कभी सोचा कि न कभी प्रयास किया। हो हल्ला हो ज्यादा था, कुछ चीजों को छू लेते थे, समस्याओं का समाधान करना उनका दायित्व था। देश की जनता समस्याओं से जूझ रही थी, देश की जनता देख रही थी कि समस्याओं का समाधान कितना बड़ा लाभ कर सकता है, लेकिन उनकी प्राथमिकताएं अलग 2014 में आकर जब मैंने चीजों को बारीकी से देखने का प्रयास किया, तो पता चला कि 60 साल कांग्रेस के परिवार ने, हो सकता है उनका इरादा मजबूत नींव बनाने का हो, लेकिन मैंने देखा उन्होंने गड्ढे ही गड्ढे कर दिए थे। जब वे गड्ढे खोद रहे थे, छह-छह दशक बर्बाद कर दिए थे। उस समय दुनिया के छोटे-छोटे देश भी सफलता के शिखरों को छू रहे थे, आगे बढ़ रहे थे।

## विकास यात्राओं को जनता का जबर्दस्त रिस्पांसः शिवराज

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकास यात्राओं को जनता का का बहुत जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। विकास और जनकल्याण के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। आज मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों में विकास यात्रा चल रही है। लोकार्पण, भूमि पूजन के कार्य होने के साथ पात्र व्यक्तियों को विभिन्न योजनाओं का स्वीकृति पत्र देने का काम हो रहा है। विकास यात्रा के मध्यम से जनसेवा का एक महायज्ञ चल रहा है।

श्री चौहान ने कहा कि कई जिलों ने कई बड़े नवाचार किए हैं। गुना जिले में विकास की दीवार प्रत्येक पंचायत में बनाई जा रही है, जिस पर क्षेत्र में होने वाले विकास के जितने काम हुए हैं, उनको अंकित किया जा रहा है।



मंडला जिले में पुस्तकालय और विकास उपवन शुरू हो रहे हैं। राजगढ़ जिले में हितग्राहियों को जन अधिकार पत्र जारी किए जा रहे हैं, जिसमें संबंधित हितग्राहियों को प्राप्त होने वाली योजनाओं के लाभ अंकित हैं। सीहोर जिले में सुरक्षित सीहोर अभियान चल रहा है। श्योपुर जिले के सभी ग्रामों में चीता स्वागत रैली और वनों की रक्षा हेतु कुल्हाड़ी टांगो अभियान चल रहा है। झाबुआ जिले में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है और पोषण का स्तर कम निकलने पर पोषण कार्ड दिये जा रहे हैं। विकास यात्रा बहुउद्देशीय हो गई है और अनेक प्रकार के नवाचार ग्राम पंचायतों और वॉर्डों में किये जा रहे हैं।

### दिल बहलाने के लिए गालिब खयाल अच्छा है

कांग्रेस में कमलनाथ को भावी मुख्यमंत्री और अवयंभावी मुख्यमंत्री वाले मुद्द पर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्री चौहान ने कहा कि कोई कह रहा है भावी, कोई कह रहा है अवश्यंभावी... दिल बहलाने को गालिब यह ख्याल अच्छा है। लेकिन हकीकत यह है कि कांग्रेस का कोई धनी-धोरी प्रदेश क्या, देश में ही नहीं है। उन्हीं के नेता यह कह रहे हैं कि अभी मुख्यमंत्री का चेहरा तय नहीं है। जनता भी कह रही है कि कांग्रेस की सरकार नहीं आनी है।





मप्र के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की।

## केजरीवाल के घर के बाहर भाजपा का प्रदर्शन, आरोप- आप करा रही जासूसी

**नई दिल्ली।** फीडबैक यूनिट (एफबीयू) को लेकर भाजपा गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर प्रदर्शन कर रही है। प्रदर्शन के दौरान भाजपा ने दिल्ली सरकार पर जमकर निशाना साधा। प्रदेश भाजपा कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि दिल्ली सरकार राजनीतिक विरोधियों के प्रति दुर्भावना से काम करती है, उनके दमन में विश्वास करती है। दमन के उद्देश्य से ही 1 फरवरी 2016 को केजरीवाल सरकार ने एफबीयू का गठन किया, ताकि राजनीतिक विरोधियों, केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों, उपराज्यपाल कार्यालय, मीडिया हाउस, प्रमुख व्यापारियों ही नहीं न्यायाधीशों तक पर नजर रखी जा सके। उपराज्यपाल अविलंब इस संदर्भ में सीबीआई को प्राथमिकी दर्ज करने की अनुमति दें।

## त्रिपुरा में भाजपा ने जारी किया घोषणा-पत्र



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र अगरतला में पार्टी का घोषणापत्र जारी किया। इस दौरान उनके साथ त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा उपस्थित रहें। इससे पहले जेपी नड्डा ने उदयपुर स्थित गोमती में त्रिपुरा सुंदरी मंदिर के दर्शन किए और पूजा की। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि संकल्प पत्र की चर्चा के साथ ही मैं इसके महत्व की भी चर्चा करता हूं।दूसरी पार्टी घोषणा पत्र लाती है तो उसे उनकी पार्टी के लोग ही महत्व नहीं देते लेकिन भाजपा कोई प्रतिबद्धता देती है तो उसे लोग समझते हैं,देश के लोग इंतजार करते हैं कि भाजपा का संकल्प पत्र क्या होगा।

### आंध्र प्रदेश में तेल टैंक की सफाई के दौरान दम घुटने से 7 कर्मचारियों की मौत

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के रागमपेटा गांव में ऑइल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी के टैंकरों की सफाई करने के दौरान दम घुटने से 7 लोगों की मौत हो गई है। पुलिस के मुताबिक, घटना गुरुवार सुबह 7 बजे की है, जब पहले एक कर्मचारी एक तेल टैंक साफ करने के लिए उसमें उतरा था। जब वह काफी देर तक वह वापस बाहर नहीं आया, तब उसके पीछे बाकी कर्मचारी अंदर घुसे।

## दिल्ली शराब घोटाला मामले में एक और गिरफ्तारी

### ईडी ने राजेश जोशी को किया अरेस्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला मामले में एक और गिरफ्तारी की गई है। ईडी ने चैरियट ऐडवरटाइजिंग कंपनी से जुड़े राजेश जोशी को गोवा चुनाव के दौरान मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोप है कि राजेश ने गोवा चुनाव के लिए अपनी ऐडवरटाइजिंग कंपनी रथ विज्ञापन के माध्यम से कथित रूप से 30 करोड़ रुपए लिए थे। इसमें दिल्ली शराब घोटाले के आरोपी दिनेश अरोड़ा ने उनका साथ दिया था। दिनेश आप के विजय नायर के साथ मिलकर काम कर रहे थे। बता दें कि दिल्ली शराब घोटाला केस में सीबीआई ने 17 अगस्त को दिनेश अरोड़ा समेत 3 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इन सभी को सिसोदिया का करीबी बताया जाता है।



### इडी का दावा - आप ने शराब घोटाले का पैसा गोवा चुनाव में लगाया

इडी ने पिछले गुरुवार को दावा किया था कि क्कने दिल्ली शराब घोटाले के पैसों का इस्तेमाल गोवा में चुनाव प्रचार के लिए किया। शराब घोटाले में कोर्ट में दाखिल चार्जशीट में श्वष्ठ ने आरोप लगाया कि दिल्ली शराब घोटाले के एक आरोपी विजय नायर ने शराब कंपनी इंडोस्पिरिट्स के स्ठ्ठ समीर महेंद्रू की दिल्ली के ष्टरूअरविंद केजरीवाल से बात कराई थी। यह बातचीत विजय के फोन से किए गए फेसटाइम वीडियो कॉल से की गई थी। ष्टरूकेजरीवाल ने श्वष्ठ के आरोपों को पूरी तरह काल्पनिक बताया।

## मस्जिद में नमाज पढ़ सकती हैं महिलाएं

**सुप्रीम कोर्ट में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा- लेकिन पुरुष नमाजियों के साथ न बैटें**



**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि महिलाएं चाहें तो मस्जिद में जाकर नमाज पढ़ सकती हैं। इस्लाम में महिलाओं के मस्जिदों में नमाज पढ़ने पर कोई मनाही नहीं है, बशर्ते वे पुरुष नमाजियों के बीच या उनके साथ न बैठें। अगर किसी मस्जिद कमेटी ने इसके लिए अलग जगह निर्धारित की है तो महिलाएं वहां जा सकती हैं।

दरअसल पुणे की एक मुस्लिम महिला और एडवोकेट फरहा अनवर हुसैन शेख ने 2020 में सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी। जिसमें कहा गया था कि मस्जिदों में महिलाओं की एंट्री पर लगी रोक को अवैध घोषित किया जाए।

**बोर्ड की दलील- जरूरी नहीं सामूहिक नमाज पढ़ें-** बोर्ड ने जो हलफनामा दिया है उसमें कहा है कि महिला चाहे तो मस्जिद में नमाज के लिए जाएं या न जाएं, ये तय करना उनके हाथ में है। मुस्लिम महिलाओं को 5 वक्त की नमाज या जमात में जुमे की नमाज करने की बाध्यता नहीं है। महिला नमाज घर पर पढ़े या मस्जिद में, उसे एक सा सवाब (पुण्य या फल) मिलेगा। ये पुरुषों के लिए ऐसा नहीं है, उनके लिए मस्जिद में ही नमाज पढ़ने का नियम है।

हालांकि, बोर्ड ने यह भी कहा कि वह विशेषज्ञों की संस्था है, जो इस्लाम के सिद्धांतों पर सलाह देती है। हालांकि, वह किसी धार्मिक मान्यता पर कमेंट नहीं करना चाहता है।

### कोर्ट की निगरानी में हिंडनबर्ग रिपोर्ट की जांच की मांग, शीर्ष अदालत में सुनवाई कल

सुप्रीम कोर्ट हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट की जांच को लेकर दायर याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई के लिए राजी हो गया है। याचिका में रिपोर्ट की जांच शीर्ष अदालत के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में कराए जाने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि कोर्ट इसके लिए केंद्र सरकार को एक समिति गठित करने का निर्देश दे। याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता विशाल तिवारी ने गुरुवार को मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने का उल्लेख किया। उन्होंने पीठ को बताया कि इस मुद्दे पर दायर एक अलग याचिका को 10 फरवरी को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाना है। उन्होंने पीठ से आग्रह किया कि अलग याचिका के साथ उनकी याचिका पर भी शुक्रवार को सुनवाई की जाए। पीठ में न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और जे बी पारदीवाला भी शामिल हैं। इससे पहले पिछले हफ्ते वकील एमएल शर्मा ने शीर्ष अदालत में एक और जनहित याचिका दायर की थी, जिसमें अमेरिका स्थित फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च के शॉर्ट सेलर नाथन एंडरसन और भारत और अमेरिका में उनके सहयोगियों के खिलाफ कथित रूप से निर्दोष निवेशकों का शोषण करने और अदाणी समूह के शेयर के मूल्य को कृत्रिम तरीके से गिराने के लिए मुकदमा चलाने की मांग की गई थी।

## इसरो व नौसेना ने किया क्रू मॉड्यूल रिकवरी मॉडल का शुरुआती परीक्षण, 2024 में जाएगा गगनयान

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने नौसेना के साथ अपने गगनयान मिशन के तहत वॉटर सर्वाइवल टेस्ट फैसिलिटी में क्रू मॉड्यूल रिकवरी मॉडल के शुरुआती परीक्षण को पूरा कर लिया है। अंतरिक्ष एजेंसी की ओर से कहा गया है कि यह परीक्षण गगनयान मिशन के लिए क्रू मॉड्यूल रिकवरी ऑपरेशंस की तैयारी का हिस्सा थी, जो कि भारतीय जल में किया जाएगा।

बता दें, गगनयान मिशन के पूरे रिकवरी ऑपरेशंस का नेतृत्व भारतीय नौसेना द्वारा किया जा रहा है। इस परीक्षण के दौरान क्रू मॉड्यूल की रिकवरी के लिए आवश्यक संचालन का क्रम पूरा किया गया।

**तीन दिन के लिए भेजा जाएगा चालक दल-** इसरो ने बताया, गगनयान मिशन के तहत तीन सदस्यीय चालक दल को तीन दिवसीय मिशन के लिए 400 किमी की कक्षा में लॉन्च करके और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाया जाएगा। उन्हें भारतीय समुद्री जल उतारा जाएगा। अंतरिक्ष एजेंसी के बयान में कहा गया है कि चालक दल की सुरक्षित वापसी किसी भी सफल मानव अंतरिक्ष उड़ान का अंतिम चरण है। बयान में कहा गया है कि वॉटर सर्वाइवल टेस्ट फैसिलिटी भारतीय नौसेना की एक अत्याधुनिक सुविधा है जो विभिन्न परिस्थितियों और क्रैश परिदृश्यों के तहत विमान से बचने के लिए एयरक्रू को वास्तविक प्रशिक्षण प्रदान करती है।



### कोरोना के कारण मिशन में हुई देरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2018 में अपने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में 2022 में इसे प्राप्त करने के एक अस्थायी लक्ष्य के साथ गगनयान मिशन की घोषणा की थी। हालांकि, कोविड महामारी के कारण कई देरी हुई और पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों के 2024 के अंत या 2025 की शुरुआत में अपनी पहली अंतरिक्ष उड़ान शुरू करने की संभावना है।

# महापौर मालती राय ने संत नगर की सफाई व्यवस्था का लिया जायजा



**संत हिरदाराम नगर।** भोपाल महापौर मालती राय ने बुधवार सुबह संत हिरदाराम नगर का दौरा किया। उन्होंने सफाई व्यवस्था को लेकर संत हिरदाराम नगर के लक्ष्मण नगर, बस स्टैंड, वन ट्री हिल्स, गिदवानी पार्क सहित विसर्जन घाट का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ एमआईसी सदस्य सहित निगम के अधिकारी मौजूद थे। संत नगर के लक्ष्मण नगर के रहवासियों ने कहा कि जगर्ह-जगह कचरों का ढेर लगा रहता है जहां सुअर, मवेशियों का डेरा लगा रहता है सफाई व्यवस्था ठप पड़ी है। जिस पर महापौर ने तुरंत अधिकारियों को निर्देश दिए। महापौर विसर्जन घाट पहुंची तो जर्जर हालत में बदहाल पड़ी सीढ़ियों को देखकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने इसे तत्काल ही सुधार करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके बाद वे बस स्टैंड पहुंची जहां मौजूद नाले को देखा और उसकी सफाई और गहरीकरण के लिए निर्देश दिया। महापौर के संत नगर आगमन पर लोगों ने उन्हें समस्याओं से अवगत कराया जिस पर उन्होंने जल्द सुधार करवाने का आश्वासन दिया।

### दीन दयाल रसोई की व्यवस्थाओं को और बेहतर करें : महापौर

महापौर मालती राय ने रायसेन रोड रत्नागिरी स्थित दीन दयाल रसोई का औचक निरीक्षण किया और दीन दयाल रसोई के माध्यम से नागरिकों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की। महापौर श्रीमती राय ने भोजन तैयार करने एवं परोसने के स्थानों का भी निरीक्षण किया और साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक न पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल उच्च स्तरीय व्यवस्था बनाने तथा इसे निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती राय ने कहा कि नागरिकों को स्वच्छता के साथ भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की निरंतर मॉनीटरिंग भी की जाए और दीन दयाल रसाई की सभी व्यवस्थाओं का और अधिक बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराएं। निरीक्षण के दौरान महापौर परिषद में स्वास्थ्य एवं पर्यावरण विभाग के प्रभारी सदस्य आर.के.सिंह बघेल सहित निगम अधिकारी मौजूद थे।

# चरस और पिस्टल के साथ दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

वरिष्ठ अधिकारियों ने शहर मे अवैध मादक पदार्थ के तस्करो के विरूद्ध कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में बुधवार 8 फरवरी 2023 को थाना मंगलवारा पुलिस टीम द्वारा 2 आरोपी के कब्जे से 750 ग्राम चरस मय पिस्टल कारतूस के जप्त कर गिरफ्तार किया गया।

प्राप्त मुखबिर सूचना की तस्दीक के दौरान प्लेटफार्म नं.6 रेल्वे स्टेशन भोपाल के बाहर मुखबिर द्वारा बताये गये दो व्यक्ति बताये गये हुलिये के दिखायी दिये जो पुलिस को देखकर घबराकर वहाँ से जाने लगे। जिन्हें हमराह स्टाफ की मदद से पकड़ा। पूछताछ अपना नाम सलमान पिता मो.सलीम उम्र 33 साल निवासी म.नं. 36 सईद नगर कोहेफिजा भोपाल 02. में उमर अली पिता शाहिद अली उम्र 26 साल निवासी म.नं.48 गली नं.02 कोतवाली रोड भोपाल का बताया। संदेही उमर अली की तलाशी लेने पर पेंट की दाहिनी जेब में रखी सफेद रंग की पन्नी मिली जिसमे ब्राउन रंग के टेप से लिपटा बंडल था जिसका टेप हटाने पर पारदर्शी पत्नी के अंदर डार्क ब्राउन रंग की चरस जैसी वस्तु मिली जिसका वजन 350 ग्राम था। संदेही सलमान की तलाशी लेने पर कमर में बायीं तरफ देशी पिस्टल मिली तथा जेब में रखी सफेद रंग की पत्नी मिली जिसमे ब्राउन रंग के टेप से लिपटा बंडल था जिसका टेप हटाने पर पारदर्शी पन्नी के अंदर डार्क ब्राउन रंग की चरस जैसी वस्तु मिली जिसका वजन 400 ग्राम था पिस्टल को चैक करने पर मैग्जीन के अंदर एक जिंदा कारतूस मिला । समक्ष गवाहान मुताबिक जप्ती कब्जा पुलिस गया। आरोपीगण उमर अली व सलमान को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना मंगलवारा भोपाल में अपराध क्रमांक 22/23 धारा 8/20एन डी पीएस एक्ट , 25, 27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी निरी. संदीप कुमार पवार, सउनि ओमप्रकाश यादव, प्रआर. 2949 धर्मेन्द्र, आर. 3207 कमल, आर. 839 शैलेन्द्र का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय कार्य रहा। टीम को श्रीमान पुलिस उपायुक्त महोदय जोन 03 नगरीय पुलिस भोपाल द्वारा 5000 रु. का इनाम दिया गया।

### नाबालिक बालिका से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफतार

**भोपाल ।** थाना जहांगीराबाद द्वारा नाबालिक बालिका से धमकी देकर दुष्कर्म किया था और घर से आते जाते समय बदनाम करने की धमकी दी थी। पास्को एक्ट में अरूण विश्वकर्मा निवासी दीवानगंज थाना सलामतपुर जिला रायसेन को गिरफतार किया गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार सोमवार 6 फरवरी 2023 को फरियादी नाबालिक बालिका ने बताया कि अरूण नाम के लडके को करीब तीन साल से जानती हूं अरुण हमारे यहां गेट लगाने आया था तभी से अरूण से मेरी पहचान हो गई । अरूण ने मुझे प्रपोज किया था मुझे कई बार अपने साथ होटल में ले गया था जहां अरुण ने मेरे साथ कई बार मेरे मना करने पर जबरदस्ती गलत काम किया है उसके बाद अरूण मुझे स्कूल में तथा जहांगीराबाद में बदनाम करने की धमकी दे रहा है इसलिये अरूण के खिलाफ थाने रिपोर्ट करने आई हूं । फरियादी की रिपोर्ट के आधार पर थाना जहांगीराबाद विवेचना मेंलिया गया तथा आरोपी की तलाश जारी की गई। मंगलवार 7 फरवरी 2023 को आरोपी की मोबाईल नंबर की लोकेशन एवं मुखबिर सूचना के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी की तलाश दीवानगंज जिला रायसेन टीम रवाना कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। सराहनीय कार्यवाही आरोपी की धरपकड कार्यवाही में थाना प्रभारी जहांगीराबाद भोपाल श्री सिंह की सराहनीय भूमिका रही है।

# अंन्त्यावसायी मर्यादित से व्यवसाय के लिए 62 लाख की धोखाधड़ी करने वाले 3 बैंक मैनेजर सहित 7 गिरफ्तार

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

थाना हनुमानगंज में प्राप्त शिकायत आवेदक कन्हैयालाल डाबी निवासी टीला जमालपुरा कि शिकायती आवेदन पत्र में सिडीकेट(कैनरा बैंक) में आवेदक को फुटवेयर का व्यापार हेतु आरोपी जमना प्रसाद द्वारा बैंक मैनेजर से मिलकर फर्जी फर्म के दस्तावेज तैयार कराकर कुल 7 लाख रूपये का लोन पास कराया गया। जिसको आरोपी जमना प्रसाद द्वारा बैंक मैनेजर देवेद्र साहू के साथ मिलकर 7 लाख रू की राशि डी डी के माध्यम से एजेंट द्वारा प्राप्त की गई। आरोपी जमना प्रसाद चैधरी द्वारा अपने दोस्त मनोज तोमर के साथ मिलकर मनोज तोमर के मामा प्रमोद वर्मा के नाम से फर्जी दुकान एवं स्थापना पंजीयन प्रामणपत्र के आधार पर वर्मा टेऊ्डर्स का बैकं एकाउटं न. 208110100002793 बाम्बे मर्केटाईल को-ऑपरेटिव बैंक पीरगेट भोपाल में खुलवाया।

शिकायत जाँच उपरांत आरोपी जमना प्रसाद चैधरी, मनोज तोमर, प्रमोद वर्मा ,बैंक मैनेजर देवेद्र साहू, आबिद तथा अन्य सहयोगियों के विरूद्व अपराध क्र0 543/22 धारा 420,467,468,120बी भादवि0 का पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना वर्मा टेऊ्डर्स के दुकानदार के स्थापना पंजीयन न. सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय भोपाल से चैक कराने पर फर्जी पाया गया तथा फरियादी को लोन हेतु तैयार करावाये गये दस्तावेजो में उल्लेखित जीएसटी न. भी फर्जी पाया गया।

तत्कालीन बैंक मेनेजर देवेंन्द्र साहू द्वारा अपने कार्यालय में वर्मा टेऊ्डर्स नाम की फर्जी फर्म को कुल 4 लोन जिनमें 2 लोन कैटरिंग एवं टेंट संबंधी व्यापार एवं 2 लोन फुटबियर संबंधी व्यापार हेतु बिना वेरिफिकेशन के दिए गए। वर्मा ट्रेडर्स के उक्त एकाउटं का बैंक स्टेटमेंट प्राप्त करने पर एकाउटं ओपनिंग 30 मार्च 2016 से अकाउंट बंद होने की 11 जुलाई 2022 तक अलग-अलग बैंकों के 18 डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से कुल 62 लाख क्रेडिट होना पाया गया। थाना हनुमानगंज से कोहेफिजा को 29 अक्टूबर 2022 जॉच हेतु शिकायत आवेदन प्राप्त हुआ, दौरान जॉच में कोहेफिजा क्षेत्र के यूकों बैंक शाखा लालघाटी हलालपुर बस स्टेण्ड के मेनेजर दुलारी यादव से आरोपी शंकर व बहार मिया ने कूटरचित दस्तावेजो के द्वारा कुल 07 डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से वर्मा ट्रेडर्स के खाता न.- 208110100002793 बाम्बे मर्केटाईल को-ऑपरेटिव बैंक पीरगेट भोपाल के खाते में राशि 16 लाख रूपये का लोन तथा 2 लाख 17 हजार रूपये की शासन की योजनाओं की सब्सिडी धोखाधडी कर लाभ प्राप्त किया गया है। जिसे अपराध क्रमांक 736/22 धारा 420,467,468,471,120बी भा.द.वि. पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया।

जिसमें आरोपी मेनेजर मुकेश श्रीवास्तव(सेवानिवृत्त बैंक मेनेजर), प्रमोद वर्मा, जमना प्रसाद ,मनोज तोमर, बहार मिया, शंकर साव, राजकुमार एवं लव को गिरफ्तार किया गया। बैंक अधिकारियों द्वारा फर्जी खाता खोलकर लोन पास कर एजेंटो द्वारा लोन राशि निकालकर, बैंक अधिकारी, कर्मचारी, ग्राहक एवं लोन एजेंटों द्वारा बेईमानीपूर्वक छलकारित कर कूटरचित दस्तावेजो के आधार पर शासन द्वारा प्रदत्त हितग्राहियों लोन राशि तथा अनुदान राशि का दुरूपयोग किया गया। और सभी के द्वारा राशि का कमीशन वितरण कर लिया जाता था। इन सभी लोन में पाया गया कि जिन ग्राहकों के द्वारा लोन पास कराया जाता है उनके द्वारा 1-2 किश्त भरने के बाद धोखाधडी के उद्देशय से लोन भरना बंद कर दिया जाता था। बैंक के अधिकारियों को लोन राशि का हिस्सा मिलजाने के कारण आगे इन लोगो द्वारा लिये गये लोन पर कोई भी जॉच कार्यवाही नही की जाती थी।

# नवनिध स्कूल में संत सिद्ध भाऊ ने छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया

### दूसरों की खुशी में प्रसन्न रहने वाला व्यक्ति हमेशा स्वस्थ रहता है- सिद्व भाऊ



**संत हिरदाराम नगर।** नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल में छात्राओं को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया। शहीद हेमू कलानी एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष सिद्ध भाऊ, उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी एवं सचिव ए.सी.साधवानी ने विभिन्न प्रतियोगिताओं सीसीए गतिविधि, लोक शिक्षण संचनालय द्वारा आयोजित बाल रंग, भोपाल रीजनल साइंस सेंटर द्वारा आयोजित साइंस क्विज एवं क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय द्वारा आयोजित मौखिक प्रश्न मंजूषा में विजयी छात्राओं के प्रोत्साह वर्धन हेतु पुरूस्कार देकर सम्मानित किया। छात्राओं को उपहार स्वरूप प्रशस्ति-पत्र, लंच बॉक्स एवं कलर पेंसिल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सिद्व भाऊ ने छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए उन्हें सिखाया कि दूसरों को खुशी देने में स्वयं को खुशी मिलती है एवं पुण्य प्राप्त होता है अत: हमेशा स्वयं भी खुश रहें और दूसरों को भी खुशी दें। दूसरों की खुशी में प्रसन्न रहने वाला व्यक्ति हमेशा स्वस्थ रहता है। परीक्षा का समय नजदीक आ गया है इस कारण पढ़ाई पर और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने पर विशेष ध्यान दें। स्वयं के परिश्रम से अपने माता-पिता को गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान करें।



# संचालक से मिला तकनीकी शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

तकनीकी शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल संचालक तकनीकी शिक्षा प्रोफेसर वीरेंद्र कुमार से मिला। तकनीकी शिक्षक संघ द्वारा सविलियन 2004 नियुक्त शिक्षकों के लिए संघ द्वारा एक शासन में संविलियन हेतु एक समिति बनाई गई है, समिति के सदस्य अध्यक्ष तकनीकी शिक्षक संघ प्रोफेसर उदय चौरसिया के नेतृत्व में संचालक तकनीकी शिक्षा से मिले। उनमें प्रोफेसर गंगाराम मंडलोई रीवा इंजरिंग महाविद्यालय रीवा, प्राचार्य ए . ए सिद्दीकी ग्वालियर महिला पॉलिटेक्निक, ग्वालियर, डॉ हेमंत परमार उज्जैन इंजीनियरिंग महाविद्यालय उज्जैन, डॉ मनीष कुमार सोनी इंदिरा गांधी अभियंत्रिकी महाविद्यालय सागर, प्रोफेसर के एल बासिया सिवनी पॉलिटेक्निक, सिवनी , प्रोफेसर आशीष शर्मा जावरा पॉलिटेक्निक, जावरा एवं डॉक्टर लोकेंद्र ठाकुर उज्जैन इंजीनियरिंग महाविद्यालय उज्जैन प्रदेश के समस्त अभियंत्रिकी एवं पॉलिटेक्निक महाविद्यालय तकनीकी शिक्षक संघ के सदस्य शामिल रहे।

## महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण



**भोपाल।** मातृ शक्ति सेवा समिति की अध्यक्ष रीता सिंह ने महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण दिया और सर्टिफिकेट वितरित किए।

## 10 हजार से अधिक महिला उद्यमियों को ऋण उपलब्ध कराने में सहायता करेगा गेम

भोपाल। लोबल एलायंस फॉर मास एंटरप्रेन्योरशिप (गेम) ने महिला उद्यमियों (डब्ल्यूई) की वित्त तक पहुंच और उनके उद्यमों को मजबूत करने की क्षमता बनाने के लिए अपना कार्यक्रम शुरू किया है। अक्टूबर 2022 में, गेम ने औपचारिक रूप से 3 राज्यों मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में महिला उद्यमी अधिकारिता कार्यक्रम शुरू करने के लिए एनआरएलएम के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिसमें 3 राज्यों के 15 जिलों में 10,000 से अधिक महिला उद्यमियों को क्रेडिट तक पहुंच प्रदान की जाएगी। क्षमता निर्माण और वृद्धि, वित्त सखियों नामक मौजूदा फील्ड कैडरों को प्रशिक्षित कर के कार्यक्रम को शुरू में नॅशनल रूरल लाइव्लीहुड मिशन (एनआरएलएम)और स्टेट रूरल लाइव्लीहुड मिशन (एसआरएलएम) वास्तुकला को मजबूत करके समर्थित किया जाएगा। कार्यक्रम में मौजूदा एनआरएलएम (नॅशनल रूरल लाइव्लीहुड मिशन) प्रशिक्षण प्रोटोकॉल का पूरक होना और 3000 वित्त सखियों को प्रशिक्षित करने के लिए इसका उपयोग करना भी शामिल है,जो व्यवहार्य व्यावसायिक उद्यमों को लेने के लिए महिला एसएचजी सदस्यों में से संभावित उद्यमियों का समर्थन करेगा। प्रशिक्षित वित्त सखियां एनआरएलएम और एसआरएलएम (स्टेट रूरल लाइव्लीहुड मिशन) के तहत चिन्हित महिला उद्यमियों के अनुपालन और पात्रता की समीक्षा करेंगी। वे अपने उद्यम को औपचारिक रूप देने के साथ-साथ सुरक्षित वित्तीय संबंधों के लिए व्यावसायिक योजनाओं को विकसित करने में भी सलाह देंगे और मदद करेंगे।

# नरेंद्र मोदी ब्रह्मांड का चमकता तारा पुस्तक का विमोचन

भोपाल। अधिवक्ता डॉ माया मदकोरिया द्वारा लिखित नरेंद्र मोदी ब्रह्मांड का चमकता तारा का विमोचन दिल्ली के अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर पर किया गया संत सम्राट सदगुरु कबीर साहेब के 505 वां महापरिनिर्वाण महोत्सव के अवसर पर सदगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान बड़ी खाटू राजस्थान द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में पूरे देश से विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले व्यक्तियों को कबीर कोहिनूर सम्मान से सम्मानित किया गया इस अवसर पर मध्य प्रदेश की लेखक अधिवक्ता डॉक्टर माया मदकोरिया की पुस्तक नरेंद्र मोदी ब्रह्मांड का चमकता तारा का विमोचन गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ कार्यक्रम का आयोजन भारत भूषण महंत डॉ नानक दास महाराज पूर्व केंद्रीय बोर्ड सदस्य भारत सरकार के सानिध्य में संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रमेश चंद्र रतन चेयरमैन रेलवे बोर्ड नई दिल्ली, बालक नाथ महाराज विश्व शांति दूत आचार्य लोकेश मुनि महाराज पूर्व केंद्रीय मंत्री सी आर चौधरी स्वामी पंकज कृष्ण महाराज मगहर धाम उत्तर प्रदेश विचार दास महाराज एवं महंत सुधीर दास शास्त्री उपस्थित रहे इस अवसर पर अति विशिष्ट



अतिथियों में निदेशक लंदन कौशल विकास संगठन डॉ परीन सोमानी, अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ साहित्यकार बीएल गौड, पंडित तिलक राज शर्मा स्मृति व्यास अमेरिका के अध्यक्ष इंद्रजीत शर्मा वेवीस्टोन बाइबिल इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी जिंबाब्वे के मानद कुलपति डॉ सौरभ पांडे मेडिकल कॉलेज राज नगरी आंध्र प्रदेश के डायरेक्टर डॉ मधु एवं पर्यावरण प्रेमी पद्मश्री हिम्मताराम भांबू एवं संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय शांति परिषद निदेशक डॉ सुरेश बाबू रहे 15 जनपथ रोड स्थित डॉ आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय सभागार में आयोजित इस महोत्सव के अवसर पर डॉक्टर माया मदकोरिया की पुस्तक नरेंद्र मोदी ब्रह्मांड का चमकता तारा को वक्ताओं ने सराहा लेखक अधिवक्ता डॉ माया मदकोरिया ने कहा कि उनके द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समग्र व्यक्तित्व को समेटे हुए इस किताब में भारत और पूरे विश्व पर नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व की छाप को उकेरा गया है। कार्यक्रम में अधिवक्ता माया मदकोरिया को कबीर कोहिनूर सम्मान भी प्रदान किया गया। माया मदकोरिया की इस पुस्तक के लिए नरेंद्र कुमार, विष्णु डोबले, पृथ्वीराज सिंह, संजीव गुप्ता ने बधाई दी।

## करौंद क्षेत्र में सुरजीत हुंडई के नए सर्विस स्टेशन का शुभारंभ



**भोपाल।** हुंडई मोटर्स इंडिया लिमिटेड के अधिकृत डीलर सुरजीत हुंडई के नए सर्विस स्टेशन (वर्कशॉप ) का करोंद जेल रोड पर शुभारम्भ मध्य प्रदेश के केबिनेट मंत्री विश्वास सारंग द्वारा किया गया7 । इस अत्याधुनिक सर्विस स्टेशन के बारे में अधिक जानकारी देते हुए एक्सक्यूटिव डायरेक्टर सागर नेनवानी ने बताया की भोपाल शहर की एक बहुत बड़ी आबादी लालघाटी, बैरागढ़ ० करोंद क्षेत्र में निवास करती है जिन्हे अपनी हुंडई कार की सर्विस के लिए काफी दूर जाना पड़ता था। इस विचार को ध्यान में रखते हुए हमने विश्वस्तरीय अत्याधुनिक मशीनों व् प्रशिक्षित टीम को नियुक्त किया है जो हमारे ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करेंगे। इस मौके पर हुंडई मोटर्स इंडिया लिमिटेड के रीजनल हेड सर्विस बलजिंदर सिंह डांग ,रीजनल हेड सेल्स राजेश पाण्डेय ,सुरजीत हुंडई के एम.डी.रमेश नेनवानी, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर सागर नेनवानी, उपस्थित रहे।

# विकास यात्रा में अब तक 6192 लोकार्पण और 4269 कार्यों का भूमिपूजन

## एक हजार 327 करोड़ रूपये के विकास कार्यों की मिली सौगात

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में विकास यात्रा से जनता को लाभान्वित किया जा रहा है। संत रविदास जयंती 6 फरवरी से प्रारंभ हुई यात्रा में अब तक प्रदेश में 6 हजार 192 विकास कार्यों का लोकार्पण हुआ है। प्रदेश में इस दौरान 4 हजार 269 विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया गया। प्रदेश के नागरिकों को एक हजार 327 करोड़ 25 लाख रूपये की सौगात मिली है।

विकास यात्रा के तीसरे दिन तक प्रदेश में 617 करोड़ 21 लाख रूपये के 6 हजार 192 कार्यों का लोकार्पण हुआ है। इस दौरान 710 करोड़ 4 लाख रूपये के 4 हजार 269 विकास कार्यों का भूमि-पूजन भी किया गया है। बुधवार 8 फरवरी को विकास यात्रा के दौरान 4 हजार 284 शासकीय संस्थाओं जैसे स्वास्थ्य केन्द्र, आँगनवाड़ी, राशन दुकान, ग्राम पंचायत कार्यालय, पशु चिकित्सालय, सहकारी साख समिति इत्यादि का भ्रमण भी किया गया। विकास यात्रा में आम जनता को लाभान्वित करने के लिये मुरैना में नवाचार द्वारा मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा स्व-सहायता समूहों की मीटिंग कर सामाजिक, आर्थिक और जातीय जन-गणना (एसईसीसी) परिवारों को पात्रता अनुसार आजीविका गतिविधियों से जोड़ने के प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृत प्रस्तावों के प्रमाण-पत्र वितरित किये जा रहे हैं। विभिन्न जिले भी नवाचार से जनता को लाभान्वित कर रहे हैं। विकास यात्रा में गुना में प्रत्येक पंचायत में विकास की दीवार का उद्घाटन किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न मदों में किये गये कार्यों का विवरण दर्ज है। मण्डला जिले की ग्राम पंचायतों में विगत 5 वर्ष में हुए निर्माण कार्यों का दीवार लेखन और सभी ग्रामों में विकास उपवन, ग्राम पंचायतों में ई-पुस्तकालय एवं सामान्य पुस्तकालय प्रारंभ किये जा रहे हैं। राजगढ़ जिले में हितग्राहियों को जन अधिकार-पत्र जारी किये जा रहे हैं, जिसमें हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी अंकित है। सीहोर में सुरक्षित सीहोर अभियान चला कर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएम एसबीवाय) और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना (पीएम जेजेवाय) के शत-प्रतिशत पात्र खाताधारकों को बीमा योजना से जोड़ा जा रहा है। श्योपुर में सभी ग्रामों में चीता स्वागत रैली और चीतों तथा वनों की रक्षा के लिये कुल्हाड़ी त्यागो अभियान चलाया जा रहा है। झाबुआ में शत-प्रतिशत अति कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर पोषण कार्ड उपलब्ध कराया जा रहा है।



इंदौर में विभिन्न नवाचार करते हुए विकास यात्रा के दौरान नगरीय क्षेत्र में रूफ वॉटर हॉर्वेस्टिंग से जुड़े लोगों का सम्मान कर रूफ वॉटर हॉर्वेस्टिंग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जन-भागीदारी से आँगनवाड़ियों को समृद्ध किया जा रहा है। छात्रावासों में छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं विशेष कर बालिकाओं में एनीमिया की जाँच की जा रही है। सफाई मित्रों का सम्मान किया जा रहा है। अमृत सरोवरों से कलश-यात्रा निकाल कर जल-संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। पशु चिकित्सा शिविर भी लगाये जा रहे हैं। विकास यात्रा में प्रत्येक ग्राम पंचायत में सभी विकास कार्य एवं हितग्राहियों के उल्लेख वाली ई-बुक निर्मित की जा रही है।

### पौध-रोपण और पर्यावरण-संरक्षण के कार्य अभियान का रूप ले रहेः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश में पौध-रोपण और पर्यावरण-संरक्षण के कार्य अभियान का रूप ले रहे हैं। नागरिक अपने परिवार के सदस्यों के जन्म-दिवस, विवाह वर्षगाँठ और दिवंगत परिजन की स्मृति में पौधे लगाने का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज स्मार्ट उद्यान में टी.वी. न्यूज चेनल्स के प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 5 फरवरी से प्रारंभ हुई विकास यात्राओं में 4088 लोकार्पण और 3049 विकास कार्यों के शिलान्यास हुए हैं। विकास यात्राएँ जन-कल्याण का यज्ञ बन रही हैं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विकास यात्राओं का विवरण देते हुए बताया कि यात्रा के दौरान हुए लोकार्पण और भूमि-पूजन जन-कल्याण की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के लाभ दिए जा रहे हैं। प्रदेश में यात्रा के माध्यम से वास्तव में सेवा का बड़ा कार्य संभव हुआ है। हितग्राही को लाभ के साथ ही मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान में पात्र पाए गए लोगों को लाभ दिया जा रहा है। अभियान में यदि कोई हितग्राही छूट गए हैं और वे पात्र हैं तो उन्हें भी योजनाओं का लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि यात्रा के दौरान अन्य पात्र लोग भी सामने आए हैं। इनकी संख्या 40 हजार 956 हैं। इतनी संख्या में आवेदन मिलना इस बात का प्रमाण है कि योजनाओं के लिए पात्र हितग्राही इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए पहली बार सामने आए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि प्राप्त आवेदनों में से 34 हजार 234 आवेदन-पत्र स्वीकृत किये जा चुके हैं। इसके अलावा भी कोई अन्य पात्र व्यक्ति या दिव्यांग मिल जाते हैं तो उन्हें भी लाभान्वित किया जा रहा है। प्रयास यह है कि किस तरह लोगों की जिंदगी बेहतर बनाई जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि विकास यात्रा सिर्फ कर्मकांड नहीं है। जो भी पात्र हितग्राही मिलते हैं उन्हें लाभान्वित करना राज्य सरकार का उद्देश्य है। विकास यात्राएँ विभिन्न योजनाओं का लाभ नागरिकों को दिलवाने का सशक्त माध्यम बन रही हैं।

## विकास यात्राओं से बदलेगी गांव और शहरों की तस्वीरः रामखेलावन पटेल



**भोपाल।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक कल्याण राज्य मंत्री श्री रामखेलावन पटेल ने कहा है कि विकास यात्रा के माध्यम से गाँव और शहरों की तस्वीर बदलेगी। यात्रा के दौरान निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया जा रहा है। इससे विकास को गति मिलेगी। राज्य मंत्री श्री पटेल बुधवार को सतना जिले के अमरपाटन क्षेत्र के ग्राम हिनोती में विकास यात्रा के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

राज्य मंत्री पटेल ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुँचाया जायेगा। उन्होंने ग्राम पंचायत हिनोती में 1.30 करोड़ रूपये लागत की सीसी रोड का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने 10 लाख रूपये लागत के सामुदायिक भवन का भी लोकार्पण किया गया। राज्य मंत्री श्री पटेल ने ग्राम डेगरहा में मध्यान्ह भोजन व्यवस्था का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक कल्याण राज्य मंत्री श्री रामखेलावन पटेल के अथक प्रयासों से अमरपाटन क्षेत्र के राम नगर में 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल के रूप में उन्नयन किये जाने की स्वीकृति मिल गई है। अस्पताल के उन्नयन के बाद दुर्गम क्षेत्र के गाँव को सिविल अस्पताल की सुविधा का लाभ मिल सकेगा।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने गुरूवार को अपने निवास पर पत्रकार मिलन समारोह का आयोजन किया।

---

**शासकीय कर्मचारियों को रिटायरमेंट की अवधि बढ़ाने की संभावना**

# शासकीय कर्मचारियों को सौगात या असंमजस

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्यप्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार सभी शासकीय कर्मचारियों को रिटायरमेन्ट की उम्र 63 वर्ष करने की योजना पर अमल कर सकती हैं। जिसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग ने इस योजना का प्रस्ताव मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के पास भेजा है जिस पर कभी भी आदेश पारित हो सकता है। इस बात की भनक जैसे ही शासकीय कार्यालयों में पहुंची तो कर्मचारियों में असमंजस की में आ गए।

कई वरिष्ठ कर्मचारियों से इस बारे में बातचीत की गई तो किसी ने खुशी तो कर्मचारी नेता बलवंत सिंह रघुवंशी अध्यक्ष हाउसिंग बोर्ड कर्मचारी संघ एवं महामंत्री निगम मण्डल अधिकारी/कर्मकारी समन्वय महासंघ ने प्रतिप्रश्न करते हुए पूछा कि जब वकील, नेता और व्यवसाई की उम्र पर कोई सीमा नहीं है, उसी प्रकार एक जज के रिटायरमेंट, डाक्टर के रिटायरमेंट की उम्र जब 65 वर्ष है। उसी प्रकार सभी शासकीय कर्मचारियों के भी रिटायरमेंट की उम्र भी 63 साल करने की बजाय 65 साल की जाना चाहिए। एवं राजनीति में भी 65 वर्ष आयु फिक्स कर देनी चाहिये इससे हमारे देश के युवाओं को प्रत्येक क्षेत्र में ज्यादा अवसर मिल सकेंगे और राजनीति में जब ऊर्जावान युवा आएंगे तो वह देश के लिये अच्छे कार्य कर सकेंगे

### इनका कहना है



यदि नेताओं के लिये कोई उम्र का बंधन नही, पत्रकारिता के लिये कोई प्रतिबंध नही, वकालत के लिये कोई प्रतिबंध नही, व्यवसाय में कोई प्रतिबंध नही, जजों की आयु 65, डॉक्टरों की 65 प्रोफेसर की 65 तो फिर सभी कर्मचारियों सहित नेताओं की उम्र भी 65 वर्ष फिक्स कर देना चाहिए। एक देश, एक विधान एक निशान,तो एक समान आयु क्यों नही। इसी प्रकार नेताओं को चाहे वह एक दिन सांसद विधायक रह जाये तो पेंशन के हकदार और कर्मचारी 38-40 वर्ष सेवा करे तो भी पेंशन से वंचित यह क्या है।

**बलवंत सिंह रघुवंशी, अध्यक्ष**
**हाउसिंग बोर्ड कर्मचारी संघ, महामंत्री -निगम मण्डल अधिकारी/कर्मचारी समन्वय महासंघ ( म.प्र )**

## शिक्षा के क्षेत्र में सीएम राइज स्कूल ऐतिहासिक पहलः राज्य मंत्री कुशवाह

**भोपाल।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह ने कहा है कि प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में सीएम राइज स्कूल शुरू करना मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का ऐतिहासिक कदम है। सीएम राइज स्कूल आधुनिक पद्धति से अध्ययन-अध्यापन और बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम सिद्ध होंगे। कुशवाह ग्वालियर जिले के झण्डा का पुरा ग्राम में विकास यात्रा को संबोधित कर रहे थे। राज्य मंत्री कुशवाह ने कहा कि ग्वालियर में कुलैथ ग्राम में सीएम राइज स्कूल प्रारंभ होगा। राज्य मंत्री कुशवाह ने ग्राम में नुक्कड़ नाटक देखा और 16 लाख 21 हजार रूपये लागत के विकास कार्यों की आधारशिला रखी। उन्होंने मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान के हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति-पत्र भी प्रदान किये। राज्य मंत्री कुशवाह ने ग्राम में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के घर जाकर उनसे संवाद किया। उन्होंने विकास यात्रा के दौरान ओडपुरा ग्राम में 19 लाख 40 हजार रूपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन भी किया।

## जबलपुर में एक दिवसीय कार्यशाला में वर्चुअली हुए शामिल कृषि मंत्री

**भोपाल।** किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री कमल पटेल ने कहा है कि कृषि अधो-संरचना मद (एआईएफ) के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश प्रथम स्थान पर है। मंत्री पटेल कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिये एमपी फार्म गेट एप तथा आईएएफ अंतर्गत कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में कार्यशाला में संबोधित कर रहे थे। कृषि मंत्री पटेल ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिये हुई कार्यशाला के दूरगामी परिणाम होंगे। मध्यप्रदेश की उद्यमशील महिला कृषकों पर पूरा विश्वास है कि वे नया मुकाम हासिल करेंगी। एमडी मण्डी बोर्ड श्रीमती जी.बी. रश्मि और उप संचालक एआईएफ सुपूजा सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यशाला में कृषि अधो-संरचना मद (एआईएफ) एवं एमपी फार्म गेट एप पर कृषकों एवं महिला कृषकों की भागीदारी को बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा हुई।

# लोक अदालतों में सम्पत्ति, जल एवं अन्य करों के अधिभार में मिलेगी छूट

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

प्रदेश में वर्ष 2023 में होने वाली 4 नेशनल लोक अदालतों में सम्पत्ति कर, जल कर, उपभोक्ता प्रभार एवं अन्य करों के अधिभार में छूट दी जायेगी। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने नागरिकों से नेशनल लोक अदालतों में मिलने वाली छूटों का लाभ उठाने का आग्रह किया है। नेशनल लोक अदालत 11 फरवरी, 13 मई, 9 सितम्बर और 9 दिसम्बर 2023 को आयोजित की जायेंगी।

सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण, जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रूपये तक बकाया है, उनमें मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी। सम्पत्ति कर के जिन प्रकरणों में कर एवं अधिभार की राशि 50 हजार रूपये से अधिक तथा एक लाख रूपये तक है, उनमें 50 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी। सम्पत्ति कर के जिन प्रकरणों में कर तथा अधिभार की राशि एक लाख रूपये से अधिक बकाया है, उनमें मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी।

जल कर/उपभोक्ता प्रभार के ऐसे प्रकरण, जिनमें कर एवं उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि 10 हजार रूपये तक बकाया है, उनमें अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। ऐसे प्रकरण, जिनमें जल कर/उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि 10 हजार से अधिक तथा 50 हजार तक बकाया है, में अधिभार में 75 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी। ऐसे प्रकरण, जिनमें जल कर/उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि 50 हजार से अधिक बकाया है, उनमें अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। यह छूट मात्र एक बार ही दी जायेगी। 11 फरवरी को होने वाली नेशनल लोक अदालत के लिये यह छूट वित्तीय वर्ष 2021-22 तक की बकाया राशि पर देय होगी तथा 13 मई, 9 सितम्बर और 9 दिसम्बर को होने वाली लोक अदालत में यह छूट वित्तीय वर्ष 2022-23 तक की बकाया राशि पर देय होगी।

## जिले में टीपीडीएस अंतर्गत खाद्यान्न उपलब्धता एवं प्रदाय समय सीमा में सुनिश्चित किया जाएः लवानिया

भोपाल । कलेक्टर अविनाश लवानिया ने अन्न उत्सव का आयोजन फरवरी माह में 10, 11 एवं 13 तारीख को समारोह पूर्वक एवं प्रभावी रूप से आयोजित करने के निर्देश जिला आपूर्ति नियंत्रक मीना मालाकार को दिए है। कलेक्टर श्री लवानिया ने अन्न उत्सव में आयोजन के संबंध में कहा कि उचित मूल्य दुकान के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी की उपस्थिति अन्न उत्सव में अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सामग्री वितरण के लिए प्रत्येक दुकान पर पीओएस मशीन उपलब्ध एवं चालू हालत हो। श्री लवानिया ने प्रतिमाह खाद्यान्न वितरण आवंटन अनुसार प्रदाय उचित मूल्य दुकानों पर समय सीमा में कराये जाने के निर्देश दिए। श्री लवानिया ने कहा कि उचित मूल्य दुकानों पर अधिक से अधिक न्यूनतम 25 प्रतिशत अनिवार्यतः पात्र परिवारों को आमंत्रित कर पात्रता अनुसार एएफएसए योजना का खाद्यान्न एवं अन्न राशन सामग्री का वितरण कराया जाए।

# सीहोर चमकः देश विदेश में जिले का नाम हो रहा रोशन

सीहोर चमक दमक की दुनिया में अपनेपन का एहसास अगर कोई व्यक्ति कराता है तो वह जो कि अंतरराष्ट्रीय स्तर से लेकर प्रदेश स्तर पर ख्याति हो जिसको देश है दुनिया में लोग जानने लगे और वहां अपने जिले की मिट्टी से प्यार करता हूं ऐसी ही शख्सियत आजकल सीहोर जिले में अपने जिले का नाम देश और विदेश और प्रदेश में करते दिखाई दे रहे हैं चाहे वह शिवराज सिंह चौहान ने पंडित प्रदीप मिश्रा या मेघा परमार इन तीनों का नाम देश और प्रदेश में और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आज किसी पहचान का मोहताज नहीं है जब इन तीनों का नाम आता है तो सीहोर जिले का नाम जरूर आता है उससे एक गर्व की अनुभूति होती है कि हमारे जिले से ऐसे लोगों ने जन्म लिया जिन्होंने देश में एक नाम स्थापित किया जहां तक शिवराज सिंह चौहान जी का सवाल है वहां अजीत माटी के सपूत होने के साथ-साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री के जिन्होंने देश दुनिया में सबसे ज्यादा मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड कायम कर सीहोर जिले का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखवा दिया है जहां भी







कोई सीहोर का व्यक्ति बाहर जाता है तो मुख्यमंत्री जी के नाम के साथ सीहोर का नाम जुड़ने के साथ गर्व महसूस होता है वही पंडित प्रदीप मिश्रा जिनका नाम सीहोर से जोड़कर सीहोर वाले पंडित प्रदीप मिश्रा सुनकर सीहोर के आदमी का छाती एकदम जोड़ी हो जाती है अपने आप में गर्व महसूस होता है कि मेरे शहर और जिले में ऐसे महान व्यक्तियों ने जन्म लिया वही मेघा परमार जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय प्रदेश स्तर पर ख्याति प्राप्त कर सीहोर जिले का नाम प्रदेश एवं राज्य अंतरराष्ट्रीय स्तर ख्याति प्राप्त कर सीहोर जिले का नाम पूरे देश और प्रदेश में चर्चा का विषय बना हुआ एक छोटे से शहर से आकर इस बिटिया ने शहर का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया यही तो मेरी जिंदगी खूबी है भोपाल जब सीहोर जिले में आता था शंकर दयाल शर्मा हो डॉक्टर हिदायतुल्लाह या डॉक्टर शहरयार खान उनकी वजह से सीहोर जिले का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मशहूर हुआ आज वही कहानी फिर से दूर आई जा रही है बेटे और बेटियों के जैसे आज मेरे प्रदेश मैं सीहोर जिले का नाम अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय स्तर पर किसी पहचान का मोहताज नहीं है

# एम्स में अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ मैटरनिटी ओटी कॉम्प्लेक्स का शुभारंभ

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

लेबर-डिलीवरी-रिकवरी (एलडीआर) कॉम्प्लेक्स के निकट मॉड्यूलर ओटी और अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ मैटरनिटी ओटी कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन 8 फरवरी 2023 को कार्यपालक निदेशक और सीईओ प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह ने डीन (अकादमिक) प्रो. (डॉ.) राजेश मलिक, उप निदेशक (प्रशासन) कर्नल (डॉ.) अजीत कुमार, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. (डॉ.) मनीषा श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति में किया । नया मैटरनिटी ओटी कॉम्प्लेक्स जो लेबर रूम और नियोनेटल आईसीयू के करीब है, गुणवत्तापूर्ण और सुलभ मातृ और नवजात देखभाल प्रदान करने और बेहतर प्रसूति परिणाम सुनिश्चित करने में मदद करेगा । कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह के कुशल नेतृत्व, प्रोत्साहन एवं सतत मार्गदर्शन में यह संभव हो पाया है ।




इस अवसर पर बोलते हुए, कार्यपालक निदेशक ने संस्थान में रोगी देखभाल और परिणाम में सुधार के लिए बहुत आवश्यक सुविधा शुरू करने पर प्रसन्नता एवं संतोष व्यक्त किया । उन्होंने विभागाध्यक्ष डॉ. के. पुष्पलता के नेतृत्व में प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग और विभागाध्यक्ष डॉ. वैशाली वायंडेस्कर के नेतृत्व वाले एनेस्थीसिया विभाग के टीम प्रयासों की सराहना की, जिन्होंने सुविधा शुरू करने की दिशा में लगातार प्रयास किए । इस अवसर पर उपस्थित अन्य गणमान्य लोगों ने भी नई सुविधा शुरू करने की सराहना की और कहा कि इससे प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग द्वारा प्रदान की जा रही मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी ।

## नर्सिंग कॉलेज एम्स ने सीएनई का आयोजन किया

नर्सिंग कॉलेज एम्स ने को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 1100 क्वार्टर में करुण्य पहल के तहत गुणवत्ता मातृत्व सेवाओं को सक्षम बनाएं करुणा को गले कर विषय पर एक सीएनई का आयोजन किया । प्रसवपूर्व मूल्यांकन, पीपीएच प्रबंधन, केएमसी और स्तनपान तकनीक, आईयूसीडी प्रविष्टि का उद्घाटन साईं बाबा नगर के ज़ोनल चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक सेन ने किया । नर्सिंग कॉलेज, एम्स भोपाल से डॉ. लिली पोद्दार, एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ. मैक्सी मार्टिस, एसोसिएट प्रोफेसर और श्रीमती नसीमा शफकत सहायक प्रोफेसर, प्रशिक्षण के दौरान आयोजक एवं संरक्षक के रूप में उपस्थित रहे । इस अवसर पर डॉ पुष्पा, एमओ पंचशील नगर और डॉ आकृति, एमओ साईं बाबा नगर भी उपस्थित थे ।

स म्पा द की य

# बहस लोकतंत्र के लिए जरूरी

हालांकि संसद के बजट सत्र की शुरुआत हंगामे के साथ ही हुई, लेकिन कम से कम राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर तो चर्चा हुई और लोकसभा में परंपरा के मुताबिक सर्वसम्मति से पारित भी हो गया। इस दौरान तीखे भाषण हुए। विपक्ष ने सत्ता पक्ष पर आरोप लगाए और सरकार की ओर से उसका जवाब भी दिया गया। राहुल गांधी ने सीधे-सीधे प्रधानमंत्री पर आरोप लगाए और प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर तीखे हमले किए।

लेकिन यह तो किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में संसदीय चर्चा का अभिन्न हिस्सा माना जाता है। विशेष तौर पर मौजूदा सत्र की बात की जाए तो विपक्ष की ओर से सबसे बड़ा मुद्दा अडाणी मामले में



संयुक्त संसदीय समिति यानि जेपीसी जांच की मांग है। अमेरिकी संस्था हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से जुड़े पहलुओं पर बैंकिंग और शेयर बाजार नियामकों की ओर से भी पहल तो हुई, लेकिन जांच की दिशा में कोई ठोस कदम उठाए गए हों, यह नहीं लगता। ऐसे में संयुक्त संसदीय समिति की जांच की मांग कहीं न कहीं उचित भी नजर आ रही है।

सबसे आवश्यक मुद्दा यह है कि नियामक संस्थाओं की ओर से इस मामले पर तस्वीर जल्द से जल्द साफ होना चाहिए। उसका कारण यह है कि शेयर बाजार किसी भी तरह की अनिश्चितता को ठीक नहीं मानता। इसलिए जितनी जल्दी तस्वीर साफ होगी, उतनी ही जल्दी इस मामले का साया स्टॉक मार्केट से हटेगा। विपक्ष ने पहले इसी मुद्दे पर सदन ठप कर रखा था। फिर उसने धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में शामिल होने का फैसला किया। यह ठीक भी रहा, क्योंकि चर्चा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के क्रम में सरकार पर कई आरोप लगाए। वहीं इन आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए सत्ता पक्ष ने कहा कि कांग्रेस नेता ने सदन के मंच का दुरुपयोग किया है।

दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस का समापन विपक्ष पर चुटकी लेते हुए किया। उन्होंने कहा कि जैसे सच सुनने के लिए साहस की जरूरत होती है, वैसे ही झूठे और गंदे आरोप सुनने के लिए भी हिम्मत और धैर्य की जरूरत होती है। ऐसा साहस और धैर्य दिखाने के लिए उन्होंने साथी सदस्यों का हंसते हुए धन्यवाद किया। जहां तक विपक्ष के आरोपों का जवाब देने की बात है तो इशारों में प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार के अच्छे कामकाज और इस दौरान हासिल हुई उपलब्धियों का जिक्र करके उनका जवाब भी दे दिया। उन्होंने बताया कि उनके शासनकाल में पूरे देश और देशवासियों की उन्नति हुई है। पीएम मोदी का कहना था कि देशवासियों का जो विश्वास उनके काम की वजह से बना है, वह झूठे आरोपों से नहीं हिलने वाला।

सरकार ने हालांकि यह भी स्पष्ट किया कि एजेंसियां स्वतंत्र ढंग से अपना काम कर रही हैं और जो भी जरूरी कदम हैं, वे उठाए जा रहे हैं। लेकिन इसके साथ उसे यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि ये कदम जल्द उठाए जाने चाहिए। सेबी जैसी संस्था की ओर से केवल खबरें ही आ रही हैं कि जांच हो रही है, लेकिन अधिकृत तौर पर कोई घोषणा अभी तक हुई नहीं है। हां, सरकार के साथ दिखने के चलते शेयर बाजार में अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में कुछ उछाल फिर से देखने को मिलने लगा है। वैसे भी हमारे देश में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं या संगठनों द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से नहीं लिया जाता, जबकि उनकी जांच की प्रक्रिया कम से कम हमारे देश के मुकाबले तो अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष दिखाई देती है। हमारे यहां जरूर जांच के मामलों में पक्षपात के उदाहरण एक नहीं हजारों मिल जाते हैं। फिर भी हम, अंतर्राष्ट्रीय स्तर की रिपोर्ट को सिरे से नकार देते हैं, यह कहते हुए कि यह देश के खिलाफ साजिश का हिस्सा है। अब साजिश कौन कर रहा है, यह जनता समझ जाती है।

खैर, यह माना जाना चाहिए कि संसद में बजट सत्र के दौरान बहस होगी। मुद्दों पर चर्चा होगी। वैसे यदि सरकार अडाणी मामले की जांच जेपीसी को दे दे, तो कोई हर्ज नहीं है, क्योंकि सरकार का ही दावा है कि विपक्ष के आरोप गलत हैं। तो फिर जांच करा ही ली जाए। मामला साफ हो जाएगा। हां, सीबीआई या ईडी जैसी कोई संस्था यदि जांच करती है, तो निश्चित तौर पर संदेह होगा। क्योंकि सरकारी जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली को लेकर लगातार आरोप प्रत्यारोप के दौर चल रहे हैं। कई बार आरोपों में दम भी दिखाई देती है। सो संसद में बहस हो, और जनहित के मुद्दों पर हो। साथ ही अडाणी मामले की जांच भी थोड़ी बहुत ही सही, निष्पक्षता के साथ हो, ताकि विपक्ष के आरोपों से सरकार को निजात मिले।

# दो केन्द्रीय मंत्रियों के बीच समन्वय!

**रवींद्र जैन**





मप्र से जुड़े दो केन्द्रीय मंत्रियों ज्योतिरादित्य सिंधिया और नरेन्द्र सिंह तोमर के बारे में खबर आ रही है कि दोनों ने आपस में समन्वय बढ़ाने और ग्वालियर चंबल संभाग में मिलकर काम करने पर फोकस किया है। दरअसल पिछले कुछ दिनों से दोनों के समर्थकों में यह संदेश था कि इन दोनों नेताओं की पटरी नहीं बैठ रही है।

ग्वालियर में आईजी की पदस्थापना और जिला भाजपा अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर इन नेताओं के बीच खाई साफ दिखाई दी। चर्चा है कि आपसी समन्वय बढ़ाने की पहल सिंधिया की ओर से हुई है। वे दिल्ली में अचानक तोमर के घर पहुंचे और लगभग तीन घंटे अनेक मुद्दों पर बात की। तोमर ने भी इसे आगे बढ़ाया और कुछ दिनों बाद वे भी सिंधिया के घर सौजन्य मुलाकात करने पहुंच गये। यानि ग्वालियर चंबल संभाग में यह संदेश देने का प्रयास तो चल ही रहा है कि तोमर-सिंधिया एक हैं।

**मंत्रीजी ने दारू छोड़ी!**

मप्र के एक कैबिनेट मंत्रीजी ने शराब की लत छोड़ने का फैसला किया। वे कुछ मित्रों के साथ हरिद्वार के गायत्री मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने दोस्तों को साक्षी बनाकर भविष्य में शराब न पीने का संकल्प लिया। अभी तीन सप्ताह ही हुए हैं। रात दस बजे के बाद मंत्रीजी के दोस्त मंत्रीजी के यहां फोन लगाकर पता करते हैं कि मंत्रीजी शुरू तो नहीं हो गये हैं। लेकिन बीते तीन सप्ताह में मंत्रीजी ने दारू से हाथ नहीं लगाया है। दरअसल मंत्री जी को अपने राजनीतिक भविष्य की चिन्ता सता रही है। दारू के नशे में वे ऊल जलूल बयान दे जाते हैं। इससे मंत्रीजी की काफी फजीहत भी होती है। दारू उतरती है तब अहसास होता है कि गलत बयानी हो गई। बताते हैं कि उनके राजनीतिक आका ने भी उनसे दारू छोड़ने को कहा था।

**आर-पार के मूड में उमा भारती!**

मप्र की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती का आखिर एजेंडा क्या है? मप्र की शराब नीति और अवैध खनन तो बहाना है उमा भारती किसी 卐हिडन एजेंडे卐 को लेकर मप्र में शिवराज सरकार के खिलाफ बड़ा मोर्चा खोलने की तैयारी में हैं। पूर्व मुख्यमंत्री और देश की दिग्गज नेता उमा भारती कभी शराब की दुकान पर पत्थर फेंकती हैं, कभी गोबर फेंकती हैं तो कभी शराब की दूकान के सामने गाय बांध देती हैं। ओरछा में उन्होंने अभी तक का सबसे मार्मिक बयान दिया कि मप्र की भाजपा सरकार के लिए उन्होंने वोट मांगे थे, इसलिए मैं दोषी हूं। मुझे फांसी पर चढ़ा देना चाहिए।

यानि यह तय है कि उमा भारती अब मप्र में आर-पार के मूड में हैं। सूत्रों के अनुसार मप्र की प्रस्तावित शराब नीति पर शिवराज सिंह चौहान की पार्टी नेताओं से चर्चा हो गई है। उमाजी के किसी भी सुझाव को प्रस्तावित नीति में शामिल न करने का निर्णय भी हो चुका है। अब देखना है कि उमा भारती क्या करेंगी? वे भाजपा छोड़ेंगी या भाजपा फिर से उन्हें निकालेगी? इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में उमा भारती की भूमिका पर सबकी नजर रहेगी।

**सहाराश्री को कौन बचा रहा है?**

यह खबर हम इस कॉलम में पहले भी छाप चुके हैं। लेकिन अब ताजा मामला भोपाल का है। सहाराश्री यानि सहारा ग्रुप के चेयरमेन सुब्रत राय और उनकी कंपनी के खिलाफ भोपाल के एमपी नगर थाने करोड़ों की हेराफेरी की एफआईआर दर्ज की गई है। सहारा ग्रुप के खिलाफ मप्र के अनेक शहरों में एफआईआर दर्ज है। कई थानों के रिकार्ड के अनुसार सहाराश्री फरार मुल्जिम हैं। कुछ थानों की पुलिस तो उनकी गिरफ्तारी का नाटक करने लखनऊ तक हो आई है। मजेदार बात यह है कि जिन सहाराश्री को पुलिस गिरफ्तार करना चाहती है, भोपाल के एमपी नगर में उनका शानदार ऑफिस संचालित हो रहा है। उनके ग्रुप का टीवी चैनल चल रहा है। यदि वाकई पुलिस उन्हें गिरफ्तार करना चाहती है तो उन पर ईनाम घोषित होना चाहिए। उनके संस्थानों के खिलाफ कोर्ट के जरिये कार्यवाही होना चाहिए। उन्हें न्यायालय से फरार घोषित कराना चाहिए। लेकिन पुलिस इस मामले में 卐ऊपर के इशारे卐 से संचालित होती है। इशारे पर एफआईआर हो जाती है और इशारे पर ही गिरफ्तारी नहीं होती। जबकि सहाराश्री लखनऊ में शानदार सार्वजनिक जीवन जी रहे हैं

**पीएमओ के इशारे पर हुई ओएसडी की विदाई**

मप्र से ताल्लुक रखने वाले एक केन्द्रीय मंत्री ने अपने सबसे भरोसेमंद और राजदार ओएसडी को न केवल अचानक हटा दिया है, बल्कि उससे दूरी भी बना ली है। अचानक हुए इस फैसले से केन्द्रीय मंत्री के हजारों समर्थक हैरान हैं। दरअसल इस ओएसडी के जरिये ही लोग केन्द्रीय मंत्री तक पहुंच बना पाते थे और अपने काम करा पाते थे। यह ओएसडी इतना पावरफुल था कि उसकी हर बात को या उसके मैसेज को केन्द्रीय मंत्री की इच्छा माना जाता था। अब दिल्ली से खबर आ रही है कि केन्द्रीय मंत्री ने अपनी इच्छा से नहीं पीएमओ के इशारे पर ओएसडी को हटाया है। चर्चा है कि पीएमओ के पास ऐसी जानकारी पहुंची थी कि ओएसडी किसी निजी कंपनी को फायदा पहुंचाने बड़ा खेल कर रहे थे। मजेदार बात यह है कि पीएमओ के पास ओएसडी की भूतकाल की भी पूरी कुंडली मौजूद है।

**हनीट्रैप में फंसा भाजपा नेता**

मप्र भाजपा पिछड़ा वर्ग के प्रदेशाध्यक्ष पद से हटाये गये और भाजपा से निष्कासित नेता भगत सिंह कुशवाह ने एक साल बाद स्वीकार किया है कि वह हनीट्रैप में फंस चुका है। कुशवाह ने एक साल बाद चुप्पी तोड़ी है कि महिला ने उन पर एक करोड़ की अड़ी डाली थी। महिला ने कथित पत्रकार के साथ मिलकर वारदात की। दोनों जेल गए।

कुशवाह का दावा है कि महिला ने कई लोगों को ब्लेकमेल किया है। रीवा में शराब व्यापारी से गाड़ी लूटी और उसे जबलपुर के पास बोरिया गांव में अरविंद सिंह के घर पर रखा। रीवा कोर्ट ने महिला को हनीट्रैप की गैंग का सदस्य माना है। पर्यटन के अधिकारी हेमंत सिंह को ब्लैकमेल किया। आरटीओ के संगीत जैन समेत 6 लोगों पर झूठा दुष्कर्म का आरोप लगाया। पांच लोगों से शादी कर चुकी है। कई लोगों को ब्लैकमेल कर चुकी है। कुशवाह ने महिला के खिलाफ कदम उठाया है। कुशवाह का दावा है कि मप्र के इंदौर के चर्चित हनीट्रैप में जितने लोग जेल गए थे, उनसे भी बड़ी गैंग इस महिला की है। इनकी गैंग में पाकिस्तानी, अफगानी और जादूगर हैं। एसपी-आईजी इनके पैर पड़ते हैं। इन गंभीर आरोपों पर मप्र सरकार की चुप्पी रहस्यमयी है।

**और अंत में**

देश की न्याय व्यवस्था पर भोपाल के 76 वर्ष के एक बुजुर्ग ने 537 पेज की पुस्तक जारी की है। पुस्तक का नाम है *हाईकोर्ट में झूठ* । मप्र लघु उद्योग निगम से महाप्रबंधक पद से जबरन रिटायर किये गये सुरेस चन्द जैन पिछले 21 वर्षों से न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं। 2002 से 2007 तक विभाग में अपना पक्ष रखा। 2007 से 2023 तक हाईकोर्ट में लड़ाई जारी है। हाईकोर्ट से उनके पक्ष में फैसला भी हुआ, लेकिन सरकार ने डबल बैंच में ले जाकर मामला लटका दिया। जैन ने अपनी पुस्तक में अपने दस्तावेजों को छापकर इसे देश के न्यायविदों को भेजकर उनके प्रकरण को न्यायिक इतिहास के केस स्टडी के रूप में पहचान दिखाने का आग्रह भी किया है। जैन का कहना है कि जिस हाईकोर्ट को मैं राहत का जरिया समझता था, वह मेरे लिए यातना का कारण बना हुआ है।---

# एक दस्तावेज, जिसे सबको पढ़ना चाहिए

-राकेश दुबे

भारत सरकार का बजट और 2018 में प्रकाशित नीति आयोग रिपोर्ट के आँकड़े मेल नहीं खा रहे हैं। नीति आयोग की वही रिपोर्ट जिसका शीर्षक था इंडिया 75 । इस रिपोर्ट में सरकार ने अपने लिए कुछ लक्ष्य तय किए थे, जिन्हें 2022 तक पूरा किया जाना था ।230 पन्नों के दस्तावेज [रिपोर्ट] की शुरुआत प्रधानमंत्री इस टिप्पणी से हुई थी 2022 तक नए भारत के निर्माण के में लोगों की अपेक्षाओं में केंद्र सरकार एक सक्रिय भागीदार है। टीम इंडिया की भावना से, आइए अब हम रणनीति में उल्लेखित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अपनी ऊर्जाओं को संयोजित करें।

इस दस्तावेज में नीति आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष ने लिखा था कि पिछले चार वर्षों में परिवर्तन का निर्माण हो रहा है। अर्थव्यवस्था आखिरकार अतीत की नकारात्मक विरासतों, खासतौर से बेतहाशा और बिना किसी फिक्र के कर्ज के विस्तार से बाहर निकल रही है ।सरकार ने जो लक्ष्य खुद निर्धारित किए ।उनका सिंहावलोकन बताता है कहीं कुछ गम्भीर चूक हो रही है।

पहला लक्ष्य जीडीपी विकास दर में सुधार करना था। दस्तावेज़ में कहा गया है कि यह 2017-18 में निवेश की दर (सकल स्थिर पूंजी निर्माण) को 2017-18 के लगभग 29 प्रतिशत से बढ़ाकर 2022-23 तक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 36 प्रतिशत कर देगा और ऐसा करने के लिए निजी और सार्वजनिक निवेश दोनों को बढ़ावा देने के लिए कई उपायों की आवश्यकता होगी ।नतीजा क्या निकला? विश्व बैंक ने जो ताजा आंकड़े दिए हैं उसके मुताबिक 2021 में यह दर 29 प्रतिशत है जिसका अर्थ है कि कोई बदलाव नहीं हुआ। 2014 में ही यह 30प्र तिशत था, इसलिए एक तरह से इसमें गिरावट ही आई।

सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी वृद्धि में गिरावट की शुरुआत 2018 में हुई और मार्च 2020 तक समाप्त होने वाली लगातार नौ तिमाहियों और कोविड की शुरुआत में गिरावट ही होती रही। निस्संदेह इस दस्तावेज़ के लेखकों को उस समय इसकी जानकारी नहीं थी ।इस दस्तावेज में वे आगे कहते हैं कि भारत का टैक्स-जीडीपी अनुपात लगभग 17 प्रतिशत है जो कि ओईसीडी देशों (35 प्रतिशत) के औसत के मुकाबले आधा है। ब्राजील (34 प्रतिशत), दक्षिण अफ्रीका (27 प्रतिशत) और चीन (22 प्रतिशत) जैसी अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भी काफी कम है। सार्वजनिक निवेश यानी सरकारी निवेश को बढ़ाने के लिए, भारत को 2022 तक अपने कर-जीडीपी अनुपात को जीडीपी के कम से कम 22 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रखना चाहिए।

नतीजा क्या निकला? कुल टैक्स-जीडीपी अनुपात पिछले साल 17 प्रतिशत था, यानी इसमें कोई बदलाव नहीं आया। इसका एक कारण यह है कि 2019 में कार्पोरेट टैक्स में कटौती की गई थी।

इस विकास की रणनीति के लिए सरकार ने एक और मुद्दा रखा था और वह था रोजगार संकट को खत्म करना। यह बता देना जरूरी है कि 2018 में बेरोजगारी दर रिकॉर्ड 6 प्रतिशत पर पहुंच गई थी, और यह आंकड़े सरकारी सर्वे के हैं और तब से वही हैं। 2017 के बाद से हर साल कृषि क्षेत्र में लोगों की आमद बढ़ती ही रही है।

दस्तावेज में इसके बाद मैन्यूफैक्चरिंग की बात की गई है और कहा गया है कि मोदी सरकार मैन्यफैक्चरिंग सेक्टर की विकास दर को 2022 तक दोगुना करने का इरादा रखती है। लेकिन 2018 में मैन्यूफैक्चरिंग विकास दर 16 प्रतिशत रही थी और आज यह 14 प्रतिशत है। यह विकास दर सिर्फ बढ़ी ही नहीं, बल्कि पहले के मुकाबले कम हो गई ।इसके बाद किसानों की आमदनी दोगुना करने का लक्ष्य था, लेकिन इस बारे में सब जानते हैं कि किसानों की जो राय है और उन्होंने उसे अपने सफल आंदोलन के जरिए भी स्पष्ट कर दिया था।

वित्तीय समावेश का अर्थ बैंक में खाता खोलना, जनधन खाते को आधार और मोबाइल से लिंक करना आदि है, और इस मोर्चे पर ठीकठाक प्रगति भी हुई और इसे मानना भी चाहिए ।इसी दस्तावेज में एक जगह कहा गया है कि, भारत आने वाले अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की साझेदारी को 1.18 प्रतिशत से बढ़ाकर 3 प्रतिशत करना है। ऐसा भी नहीं हो सका। होना तो ऐसा था कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या 88 लाख से बढ़कर 1.2 करोड़ होनी थी। ऐसा नहीं हो सका और कुछ हद तक इसका कारण कोविड महामारी हो सकती है।

दस्तावेज में तमाम तरह की बातें कही गई थीं, चूंकि 2022 आकर जा चुका है तो हम नतीजे देख सकते हैं। इस दस्तावेज के बारे में इन दिनों कहीं कोई चर्चा नहीं है, याद रखना होगा कि इसे प्रधानमंत्री ने खुद तय किया था। इसमें से अधिकतर जो जानकारियां और आंकड़े हैं वह सरकार के ही हैं। समय-समय पर होने वाले लेबर फोर्स सर्वे (श्रम बल सर्वेक्षण) में बताया गया है कि पहले के मुकाबले अधिक लोग आधुनिक अर्थव्यवस्था छोड़कर कृषि क्षेत्र में चले गए हैं। निवेश की दर, पर्यटकों की आमद और जीडीपी ग्रोथ की दर के साथ ही टैक्ट-जीडीपी अनुपात के आंकड़े आदि सब सरकार के ही हैं ।इस बात पर हैरानी है कि सरकार जो वादा करती है और पूरा नहीं करती है, तो उसके लिए जिम्मेदारी तो लेना चाहिए। दरअसल सरकार को भारत की कठिन समस्याओं को हल करने का कोई तरीका आता ही नहीं है और यदि हम नीति आयोग की रणनीति पर विचार करें और देखें कि इससे क्या नतीजा निकला?

# धनकड़ की लोचदार पारी

**राकेश अचल**



राज्यसभा के सभापति श्री जगदीप धनकड़ की नई पारी पुर- सुकून नजर आई। बंगाल के राज्यपाल के रूप में जो जगदीप धनकड़ भाजपा के एजेंट के रूप में काम करते दिखाई देते थे,वे ही जगदीप धनकड़ राज्यसभा के सभापति के रूप में एक अलग रंग में रंगे दिखे।

लोकसभा और राज्यसभा में किस सदस्य की क्या भूमिका है,इस कार्रवाई के कारण साफ दिखाई दे जाती है ।ये सजीव कार्रवाई सदन के सभापति की विद्वता, पक्षपात और निजी स्वभाव की झलक भी दिखा देती है।

पिछले आठ साल में संसद की कार्रवाई का स्तर लगातार गिरा है ।एक तो दोनों सदनों से अनुभवी सदस्य या तो रिटायर हो गए,या चुनकर नहीं आ पाए या फिर फोत हो गये। सत्तारूढ़ दल ने भी दोनों सदनों को ऐसे सभापति दिए जो सभापति के रूप में कम, पार्टी कार्यकर्ताओं के रूप में ज्यादा काम करते नजर आए। ऐसे निराशाजनक माहौल में जगदीप धनकड़ एक उम्मीद की किरण है।

सदन में उद्योगपति गौतम अदाणी के बारे में चल रहे हंगामें के दौरान धनकड़ ने माहौल को बोझिल होने से खूब बचाया। यहां उनका विनोदी स्वभाव और हाजिर जवाबी खूब काम आई। उन्होंने अपने बारे में विपक्षी नेताओं की टिप्पणियों को सत्तापक्ष के लिए औजार नहीं बनने दिया। खुद ही बढ़िया फील्डिंग की। यहां तक कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तक को खिलखिलाने पर विवश कर दिया।

सदन की गरिमा बनाए रखने और उसे बोझिल होने से बचाए रखना आसान काम नहीं है। अतीत में अनेक सभापति इस भूमिका में कामयाब भी हुए और बहुत से बदनाम भी। बहुतों पर पक्षपात के आरोप भी लगे। लेकिन राज्यसभा के सभापति जगदीप धनकड़ ने फिर से पुराने समय की याद दिला दी। जगदीप धनकड़ में मुझे डॉक्टर शंकर दयाल शर्मा और लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष बलराम जाखड़ की झलक दिखाई दी।

मुमकिन है कि अडाणी कांड की वजह से देश का ध्यान अतीत में बदनाम जगदीप धनकड़ के नये किरदार पर न गया हो लेकिन मैंने इसे रेखांकित करना जरूरी समझा ।सब जानते हैं कि सदन वैसे ही चलता है जैसा सभापति चलाना चाहे। सभापति सरकार को बचा भी सकता है और घिरवा भी सकता है। बदनामी भी कमा सकता है और सुयश भी कमा सकता है।

धनकड़ विधायक,सांसद और केंद्रीय मंत्री तथा राज्यपाल की भूमिका में भी रहे ।वे मूलत: भाजपाई नहीं है। कांग्रेस में भी रहे और जनता पार्टी में भी ।पेशे से वकील भी रहे ।इसलिए उन्हें नयी भूमिका में अपने आपको स्थापित करने में ज्यादा मेहनत नहीं करना पड़ी।

राज्यसभा के सभापति के रूप में सर्वपल्ली राधाकृष्णन से लेकर जगदीप धनकड़ के बीच अनेक ऐसे नाम हैं जिन्हें बड़े आदर, सम्मान के साथ याद किया जाता है। डॉ शंकर दयाल शर्मा, भैरैसिंह शेखावत ऐसे ही नाम रहे हैं ।इस भूमिका में वैंकैया नायडू भी ज्यादा कामयाब नही रहे। हामिद अंसारी साहब का कार्यकाल जरूर याद किया जाता है अब धनकड़ भी याद किए जा सकते हैं।

राज्यसभा का सभापति देश का उपराष्टपति पदेन होता है ।उसकी भूमिका महत्वपूर्ण होती है। अतीत में ऐसे अनेक मौके आए जब सभापति सरकार को बचाने में नाकाम रहे ।इस उच्च सदन में विधेयक पारित कराना भी टेढ़ी खीर माना जाता है। किंतु यदि सभापति निर्विवाद और निष्पक्ष है तो वो हिकमत अमली से टेढी खीर को भी सीधा करने की कूबत रखता है।

जगदीप धनकड़ देश के पंद्रहवें उप राष्टपति और राज्यसभा के सभापति हैं। ये पद राष्टपति पद की अंतिम सीढ़ी भी है ।अब तक आधे से ज्यादा उप राष्टपति बाद में देश के राष्टपति भी बने ।बहुत से बनते बनते रह गये। भाजपा ने कभी उप राष्टपति को राष्टपति नहीं बनाया ।न अटल जी के समय और न मोदी जी के समय। इसलिए धनकड़ के लिए यही शीर्ष पद है जहां वे अपने आपको प्रमाणित कर अजर अमर हो सकते हैं। शुरू में मै श्री जगदीप धनकड़ को राजनीति का जगदीप मानता था। लेकिन वे विद्वान हैं। और ये अच्छी बात है।

राज्यसभा के सभापति से अधिक अनेक उपसभापति लोकप्रिय रहे हैं। नजमा हेपतुल्लाह ऐसा ही नाम है। सदन में सर्वप्रिय होना आसान नहीं होता, धनकड़ ने इस दिशा में पहल की है। वे कानूनविद तो हैं ही , नेता भी हैं। उन्हें हल्के में नहीं लिया जा सकता।

बंगाल के राज्यपाल के रूप में जगदीप धनकड़ ने भाजपा कार्यकर्ता की तरह काम किया ।वे बदनाम भी हुए, लेकिन पीछे कभी नहीं हटे ।इसका पारितोषिक भी उन्हें मिला ।अब देखिए कि आने वाले दिनों में वे राज्यसभा को कितना सहज,रोचक और महत्वपूर्ण बना सकते हैं। फिलहाल धनकड़ जी को शुभकामनाएं और बधाई।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## मोटोरोला ने मोटो ई13 को लॉन्च करने की घोषणा की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मोटोरोला ने ई सीरीज फ्रैंचाइजी में अपने लेटेस्ट नवीनतम स्मार्टफोन मोटो ई13 को लॉन्च करने की घोषणा की। यह अपने आप में एक ऑल-इन-वन स्मार्टफोन है, जो कि 4जीबी रैम के साथ इस सेगमेंट में हलचल मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार है, इसके साथ ही इसमें यूनिसॉक टी606 ऑक्टा कोर प्रोसेसर और 64जीबी का स्टोरेज शामिल है जो इसे एक मजबूत हटके परफॉरमेंस प्रदान करता है, इसके अलावा इसमें एक विशाल, लंबे समय तक चलने वाली 5000एमएएच की बैटरी भी शामिल है जो इसे 36 घंटे से अधिक तक चला सकती है। यह स्मार्टफोन दो वैरिएंट में उपलब्ध है, जिसकी शुरुआती कीमत (2जीबी +64जीबी) वैरिएंट के लिए 6,999 रुपये तथा 4जीबी+64जीबी वेरिएंट के लिए 7,999 रुपये से शुरू होती है।मोटो ई13 हर हाल में एक शोस्टॉपर फोन है। इसका स्लीक, स्टाइलिश एवं प्रीमियम डिज़ाइन आपके ऑन-द-गो स्टाइल क्रेविंग को ध्यान में रखते हुए खूबसूरती के साथ बनाया गया है जिसमे 6.5 इंच की वाइब्रंट एलसीडी डिस्प्ले स्क्रीन स्मार्टफोन में और अधिक स्पार्क जोड़ती है।इसके अलावा, मोटो ई13 आपको डॉल्बी एटमॉस0 ऑडियो के साथ एक मल्टी डायमेंशनल ऑडियो-विज़ुअल एक्सपीरियंस भी प्रदान करता है। अब आप अपने पसंदीदा गीतों में इमोशंस के नए लेवल्स को पहले से भी कहीं अधिक डेप्थ, क्लैरिटी और डिटेल्स के साथ अनलॉक कर सकते हैं, जिससे आप अपने पसंदीदा कलाकारों के और करीब आ सकते हैं। इसके अतिरिक्त, मोटो ई13 के साथ, अब आपको सही कनेक्शन होने से कोई चिंता नहीं होगी। इसमें आपको डुअल-बैंड वाई-फाई (5 गीगाहर्ट्ज और 2.4गीगाहर्ट्ज दोनों) का सपोर्ट मिलता है - साथ ही इस सेगमेंट में पहली बार एक सुविधाजनक यूएसबी टाइप-सी 2.0 कनेक्टर, और ब्लूटूथ0 5.03 वायरलेस टेक्नोलॉजी की सुविधा भी मिलती है।इसके 13 एमपी के एआई-पॉवर्ड कैमरा सिस्टम के साथ अपनी सर्वश्रेष्ठ तस्वीरें शूट करें, जो कि आपके सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए जाने के लिए तैयार हैं।

## हिंदवेयर डिजाइनर बाथवेयर प्रोडक्ट्स - खूबसूरत और इनोवेटिव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अग्रणी बाथरूम ब्रांड, हिंदवेयर ने आज अपने उत्पाद पोर्टफोलियो में सेनिटरीवेयर और फॉसेट्स का कलेक्शन साझा किया। कंपनी के अनुसार, घरों में बाथरूम सबसे महत्वपूर्ण स्थानों में से एक है, यह एक ऐसी जगह है जहां उपभोक्ता अपनी कल्पना को साकार करते हैं। यह कुछ देर के लिए दुनिया से दूर होने जैसा स्थान है, एक प्राइवेट सेंक्चुअरी जैसा। बाथरूम का डिज़ाइन यदि उपयोगी होने के साथ-साथ खूबसूरत भी हो, तो सुबह और शाम का वक्त और अधिक बेहतर, और ग्लैमरस बना सकता है। हिंदवेयर इटेलियन टाइल्स उत्पाद पोर्टफोलियो में विभिन्न आकारों के आधुनिक और स्लीक डिजाइन शामिल हैं जो उपभोक्ता के चारों ओर खूबसूरती की संभावनाओं से प्रेरित हैं। टाइल्स में 300 बाइ 400 मिमी से लेकर 1200 बाइ 2400 मिमी तक आकार के साथ मजबूत पोर्टफोलियो शामिल हैं, जो प्राकृतिक तत्वों से प्रेरित नवीनतम डिज़ाइनों के साथ हैं और जो आपके बाथरूम को सौंदर्यपूर्ण रूप देने के लिए एकदम सही हैं। कलेक्शन में विभिन्न रेंज, अद्भुत रंगों और एबिला डीके, एडेल्फा कलकत्ता, ऐक्यूम एचएल जैसे खूबसूरत डिजाइनों वाले टाइल शामिल हैं। द ऑटोमेट एक तकनीकी नवाचार है जो दुनिया को आपकी उंगलियों पर नचाता है। उच्च तकनीक वाले ईडब्ल्यूसी की एक रेंज, जो केवल एक बटन दबाने पर आपकी सभी जरूरतें पूरी करने के लिए रिमोट कंट्रोल के साथ आती है। यह तीन रंगों में उपलब्ध है और इसकी कीमत रु. 1,95,040 से शुरू होती है। ईजी क्लीन काउंटर वाश बेसिन, हिंदवेयर के पोर्टफोलियो में एक अद्भुत विशेषता के साथ एक नया आयाम है जो इस्तेमाल करने के बाद हर बार बेसिन को स्वचालित रूप से साफ करता है और यह किफायती भी है। इसकी कीमत रु. 15,160 है।

## वार्डविजार्ड इन्नोवेशंस एंड मोबिलिटी की वित्त वर्ष 23 के 9 महीने में आय 82.42 प्रतिशत बढ़ी

**मुंबई, एजेंसी।** ईवी क्षेत्र में एक प्रमुख ऑटो मैन्युफैक्चरिंग कंपनी, वार्डविजार्ड इन्नोवेशंस एंड मोबिलिटी (बीएसई कोड ~ 538970) ने वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही और 9 महीने के अपने अनआडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कंपनी के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री यतिन गुप्ते ने कहा, इलेक्ट्रिक वाहन की मांग बढ़ रही है और आने वाले समय में जोरदार बनी रहेगी। हमारा उद्देश्य जीवन के वर्तमान मार्गों के लिए ग्रीनर विकल्प प्रदान करना है. मजबूत मांग और कई इलेक्ट्रिक वाहनों का लांच हमें वर्तमान वर्ष के पूर्व के 9 महीने में शानदार प्रदर्शन की रिपोर्ट देने में समर्थ बनाया है और हम भविष्य के प्रति सकारात्मक रूप से देख रहे हैं। हमें भारी प्रसन्नता है कि हमारे प्रयासों के मार्फत हम सफलतापूर्वक 'मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत मिशन' ऑफ इंडिया' में योगदान दे रहे हैं।''

## एनपीएसटी ने वित्त वर्ष 23 के 9 महीने में शुद्ध लाभ में 3.3 गुना उछाल आने की रिपोर्ट दी

**मुंबई, एजेंसी।** बैंकिंग और वित्त क्षेत्र को सॉफ्टवेयर और डिजिटल पेमेंटसलूशन्स प्रदान करने वाली,नेटवर्क पीपल सर्विसेस टेक्नोलॉजिस लिमिटेड (एनएसई इमर्ज- एनपीएसटी) ने वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही और 9 महीने के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है. प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, कंपनी के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री दीपक ठाकुर ने कहा, हमें हमारी डिजिटल पेमेंट सेवाओं के लिए जोरदार प्रतिसाद मिला है और यह हमारे वित्तीय प्रदर्शन में स्पष्ट रूप से दिखायी देता है। डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम तीव्र गति से आगे बढ़ रहा हैऔर यह भारतीय अर्थव्यवस्था में सिर्फ डिजिटल क्रांति की शुरुआत है। हमें हमारी श्रेष्ठ सेवाओं और ट्रैक रिकॉर्ड के साथ विश्वास है कि हम डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम के साथ आगे बढ़ेंगेऔर आगामी वर्षों में हमारे बाजार हिस्से में वृद्धि करेंगे।

## सख्त हुआ सेबी! विदेशी निवेशकों की मांगी जानकारी, कहा-सौंपे सभी डिटेल

**नई दिल्ली।** साल 2021 की गर्मियों की दोपहर थी। यह संसद के मानसून सत्र की शुरुआत से ठीक पहले का समय था। इस दौरान भारत के बड़े अंतरराष्ट्रीय बैंकों को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड यानी सेबी की ओर से ई-मेल मिला। यह ई-मेल आधा दर्जन शेयरों के डिटेल के बारे में था। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के लिए संरक्षक और बहीखाते के रूप में कार्य करने वाले बैंकों को उन लोगों की पहचान करनी थी जो इन शेयरों को रखने वाले एफपीआइ को नियंत्रित करते हैं। यह पता लगाने का सेबी का तरीका था कि क्या ऑफशोर फंड्स में दखल देने वाले लोग भारतीय एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध शेयरों की कीमतों में हेराफेरी करने के लिए पर्दे के पीछे काम कर रहे थे। संसद के एक सवाल का जवाब देने की हड़बड़ी में नियामक एक पुराने षड्यंत्र सिद्धांत का परीक्षण कर रहा था। जब से मनमोहन सिंह ने एफपीआई के लिए दरवाजे खोले हैं, तब से फुसफुसाहट हो रही है कि कई एफपीआई, सेबी के साथ पंजीकृत है। वहीं एफपीआई मॉरीशस में कार्यालयों में छुपकर काम कर रहे हैं। वह केवल भारतीय प्रमोटरों के सामने हैं जो शेयरों को बढ़ाने के लिए कंपनियों से पैसे वापस ले रहे हैं।

# जैन महासभा व राजनैतिक चेतना मंच विदर्भ तथा महाराष्ट्र की संयुक्त चिंतन बैठक नागपुर में सम्पन्न

विगत दिवस महासभा के केंद्रीय उपाध्यक्ष तथा जैन राजनैतिक चेतना मंच मध्यप्रदेश के महामंत्री सुभाष जैन काला भोपाल से नागपुर प्रवास पर पहुंचे।जैन राजनैतिक चेतना मंच महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष सुमत लल्ला जैन ने सुभाष जैन काला के स्वागत व मुख्य आतिथ्य में एक चिंतन बैठक का आयोजन इंडोर आउटडोर ट्रेड लिंक (कजारिया वर्ल्ड शोरूम केसभागृह में किया।

बैठक में भारतवर्षीय दिग. जैन महासभा विदर्भ अध्यक्ष श्री सतीश पेंडारी, महामंत्री दिलीप राखे, जैन राजनैतिक चेतना मंच महाराष्ट्र के अध्यक्ष सुमत लल्ला जैन,संगठन मंत्री डॉ चंद्रनाथ भागवतकर,उपाध्यक्ष नानाजी थेरे, प्रसिद्ध आयकर सलाहकार व समाजसेवी विजय गोधा तथा शशांक लल्ला आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

आरंभ में श्री काला का अभिनंदन शाल व श्रीफल से उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा किया गया।बैठक का संचालन श्री सुमत लल्ला द्वारा किया गया।श्री दिलीप राखे ने बताया कि विदर्भ में महासभा के बैनर पर



उनके व टीम द्वारा 29 मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया गया लेकिन प्रयास करने के बाद भी केंद्रीय समिति द्वारा कोई सहयोग प्रदान नहीं किया गया इस पर श्री काला द्वारा कहा गया कि वो राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गंगवाल व महामंत्री श्री राजकुमार सेठी कोलकाता से सम्पर्क करें वो भी आपकी समस्या केंद्र के समक्ष रखेंगे।

इसी प्रकार उपस्थित पदाधिकारियों ने महासभा व मंच के लिए अपने विचार व सुझाव रखे।

श्री काला ने अपने उद्बोधन में बड़ागांव में सम्पन्न मंच के राष्ट्रीय अधिवेशन व पैठन में सम्पन्न महाराष्ट्र महासभा के अधिवेशन की सफलता के बारे में बताया उन्होंने ये भी बताया कि सम्भवतया मार्च 23 के प्रथम सप्ताह में जैन राजनैतिक चेतना मंच की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक व राजस्थान प्रदेश का 2 दिवसीय अधिवेशन आयोजित किया जा रहा है।

अंत मे इस खुशनुमा बैठक आयोजित करने के लिए श्री सुमत लल्ला जैन व अन्य पदाधिकारियों को धन्यवाद देकर आभार प्रकट किया गया।

# टेट्रा पैक की फैक्ट्री को बड़ा अवॉर्ड, बनी देश की पहली टीपीएम वर्ल्ड क्लास मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट

**● टेट्रा पैक इंडिया की फैक्ट्री को मिला बड़ा अवॉर्ड ● टेट्रा पैक फैक्ट्री बनी देश की पहली वर्ल्ड क्लास मैन्यूफैक्चरिंग फैसिलिटी ● जापान इंस्टीट्यूट ऑफ प्लांट मेंटेनेंस देता है यह अवॉर्ड**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टेट्रा पैक इंडिया की चाकन स्थित फैक्ट्री इंडियन इंडस्ट्री में पहली टीपीएम वर्ल्ड क्लास मैन्यूफैक्चरिंग फैसिलिटी बन गई है। महाराष्ट्र में चाकन स्थित यह पैकेजिंग मटेरियल फैक्ट्री अवॉर्ड फॉर वर्ल्ड क्लास टीपीएम (टोटल प्रोडक्टिव मेंटेनेंस) अचीवमेंट पानी वाली देश की पहली यूनिट बन गई है। यह अवॉर्ड जापान इंस्टीट्यूट ऑफ प्लांट मेंटेनेंस द्वारा दिया जाता है। यह सम्मान बताता है कि इस अत्याधुनिक मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट में किस प्रकार प्रोडक्शन क्वालिटी, विश्वसनीयता, दक्षता और टिकाउपन के उच्च स्तरों को अपनाया गया है। मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री के लिए यह एक सबसे बड़ा अवॉर्ड है।

**10 वर्षो से ज्यादा समय से कर रही काम–** टेट्रा पैक की यह पैकेजिंग मटेरियल फैक्ट्री पिछले एक दशक से ज्यादा समय से काम कर रही है। कंपनी ने कहा कि यह फैक्ट्री मेकिंग इन इंडिया, मेकिंग फॉर द वर्ल्ड का एक बेहतरीन उदाहरण है। वर्ल्ड क्लास टीपीएम अचीवमेंट अवॉर्ड पैकेजिंग मटेरियल कन्वर्टिंग फैक्ट्री को दिया गया है, जिसके पास सालाना 16 अरब से अधिक कार्टन पैकेज तैयार करने की क्षमता हो। यह टेट्रा पैक की सबसे कम वेस्ट पैदा करने वाली और अधिकतम दक्षता वाली यूनिट के रूप में भी जानी जाती है।

**इंडियन इंडस्ट्री में ऐसी पहली कंपनी–** टेट्रा पैक साउथ एशिया के एमडी आशुतोष मनोहर ने कहा, हमारी पैकेजिंग मैटेरियल फैक्ट्री को मिले इस अवॉर्ड से हम बेहद उत्साहित हैं। वर्ल्ड क्लास टीपीएम अचीवमेंट के लिए यह अवॉर्ड हमारी उस प्रतिबद्धता, कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है, जिसके लिए टेट्रा पैक जाना जाता है। हमें गर्व है कि टेट्रा पैक दूसरे भारतीय उद्योगों के बीच पहली कंपनी है, जिसे छ्ढ्ढक्क जैसी प्रतिष्ठित संस्था की ओर से यह वर्ल्ड क्लास अवॉर्ड दिया गया है। हमें विश्वास है कि भारत में बीते 35 साल के हमारे सफर में भागीदार रहे ग्राहकों का भरोसा और भी बढ़ेगा।

## सरकारी बैंकों को तीसरी तिमाही में रिकॉर्ड 28719 करोड़ लाभ, मुनाफे में अकेले एसबीआई की 50 फीसदी हिस्सेदारी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** एनपीए में कमी और कर्ज की मांग में तेजी से 11 सरकारी बैंकों ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्तूबर-दिसंबर) में रिकॉर्ड 28,719 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है। इसमें अकेले एसबीआई की हिस्सेदारी 50 फीसदी है, जिसने 14,205 करोड़ का मुनाफा कमाया है। इस दौरान इन बैंकों का एनपीए भी 4 फीसदी से नीचे आ गया है।

तमाम बैंकों की बैलेंसशीट से पता चलता है कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने 458 करोड़ मुनाफा कमाया है, जो एक साल पहले इसी अवधि में 278 करोड़ था। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने 325 करोड़ की तुलना में 775 करोड़, इंडियन बैंक ने 1,396 करोड़ और पंजाब एंड सिंध बैंक ने 373 करोड़ का मुनाफा कमाया है। हालांकि, पंजाब नेशनल बैंक का लाभ 1,127 करोड़ से घटकर 629 करोड़ रह गया है।

**पांच साल तक घाटे में रहे बैंक–** आंकड़े बताते हैं कि 2015-16 से 2019-20 तक के बीच यानी पांच साल इन बैंकों ने लगातार घाटा दिया। 2017-18 में सबसे अधिक 85,370 करोड़ का घाटा था। 2018-19 में 66,636 करोड़ का घाटा था। 2009-10 से 2014-15 तक ये सरकारी बैंक फायदे में थे। वित्त वर्ष 2018 में कुल 21 सरकारी बैंक में से केवल 2 बैंक लाभ कमाए थे।

# एमएम और अंबानी... रिलायंस ग्रुप को चलाते हैं ये 5 दिग्गज, इन्हीं से मिलते हैं ज्यादातर ऑर्डर

**मनोज मोदी हैं रिलायंस के सबसे पावरफुल लोगों में शामिल**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुकेश अंबानी और रिलायंस ऐसे नाम हैं, जिन्हें देश का बच्चा-बच्चा जानता है। रिलायंस देश के टॉप कारोबारी ग्रुप्स में से एक है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का अगर हम मार्केट कैप देखें तो यह 15.6 लाख करोड़ रुपये है। आरआईएल के शेयर की कीमत 2305 रुपये पर बंद हुई थी। खुद मुकेश अंबानी इस समय दुनिया के 12वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। क्या आप जानते हैं कि रिलायंस ग्रुप को कौन चलाता है हर कारोबारी ग्रुप की सफलता के पीछे कुछ खास लोग होते हैं। ये किसी भी पद पर हो सकते हैं। रिलायंस ग्रुप में भी ऐसे 5 लोग हैं। रिलायंस में सभी बड़े अधिकारियों को यहां से ही निर्देश मिलते हैं। आइए जानते हैं कि ये कौन हैं।



मुकेश अंबानी रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और एमडी हैं। मुकेश अंबानी जंग में तेंदुओं को देखने में घंटों बिता सकते हैं। उन्होंने एक अच्छे शिकारी की कुछ ट्रिक्स भी अपनाई हैं। उन्होंने एक बार कहा था, वह कोई रिस्क नहीं लेता है। जब भी उसे लगता है कि वह मार सकता है, वह तुरंत मार देता है। मुकेश अंबानी भी ऐसे ही हैं। वे बड़ी बहादुरी से फैसले लेते हैं। 5जी सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम खरीदने, जियो लॉन्च करने और मुंबई इंडियंस क्रिकेट फ्रेंचाइजी लेने जैसे उनके कदमों में यह बता दिखती है। उनके फैसले कभी-कभी आश्चर्य में डाल देते हैं। एक दमदार और दुर्जेय टीम मुकेश अंबानी को इस तरह के फैसले लेने में मदद करती है। यही कारण है कि वे अपने पिता धीरूभाई अंबानी से विरासत में मिले विशाल साम्राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। इस टीम में परिवार के लोग, दोस्त, पुराने सहयोगी, नए प्रोफेशनल्स, बिजनस हेड्स और एनवायर्नमेंट मैनेजर्स शामिल हैं।

मुकेश अंबानी की पत्नी नीता अंबानी को सब भाभी बुलाते हैं। मुंबई इंडियंस क्रिकेट फ्रैंचाइजी से नीता को काफी लगाव है। नीता रिलायंस इंडस्ट्रीज में एक बड़ी भूमिका निभाती हैं। जब मुकेश और अनिल अंबानी के बीच रिलायंस साम्राज्य को लेकर लड़ाई थी, तो अनिल ने एक शिकायत की थी। उन्होंने कहा था कि कंपनी में नीता, आनंद जैन और मनोज मोदी उनसे ज्यादा मायने रखते हैं। साल 2010 में ईस्ट इंडिया होटल्स में 14.8 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने के फैसले में उन्होंने बड़ी भूमिका निभाई थी। नीता अंबानी रिलायंस फाउंडेशन में सक्रिय रूप से शामिल हैं। नीता अंबानी एक शानदार मेजबान हैं। नीता अपने घर एंटीलिया में भव्य पार्टियां देती हैं। इन पार्टियों में राजनेता, क्रिकेटर्स और बॉलीवुड स्टार्स शामिल होते हैं। मनोज मोदी का नाम शायद आपने नहीं सुना होगा। देश में और देश के बाहर भी इन्हें बहुत कम लोग जानते हैं। ये खबरों में भी नहीं रहते। लेकिन रिलायंस इंडस्ट्रीज में मनोज मोदी एक पावरफुल पर्सन हैं। ये रिलायंस ग्रुप के बड़े फैसलों के पीछे होते हैं।

# पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर बोले केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, सरकार ने बताया कब सस्ता होगा पेट्रोल!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेट्रोल-डीजल की कीमतों को लेकर आम जनता काफी परेशान है. पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लंबे समय से कोई बदलाव नहीं हुआ है. इस बीच केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी की ओर से बड़ी जानकारी दी गई है. केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि दुनिया की तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता देश भारत है. ऐसे में भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में जल्द गिरावट आएगी. हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि हमें जहां से भी सस्ती कीमतों पर तेल मिलेगा हम वहां से ही खरीदारी करेंगे.

**सस्ते में पेट्रोल कराएंगे उपलब्ध–** इंडिया एनर्जी वीक में उन्होंने इस बारे में जानकारी दी थी. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा के साथ ही नागरिकों को सस्ते में पेट्रोल उपलब्ध कराने के लिए हमें सुनिश्चित करना होगा. साथ ही ग्लोबल ऊर्जा परिवर्तन में भारत की भूमिला के लिए पीएम की दीर्घकालिक दृष्टि को दर्शाता है.

**कितना किया जा रहा है आयात –** इसके साथ ही पुरी ने कहा है कि देश अपनी तेल जरूरतों का 85 फीसदी और प्राकृतिक गैस का करीब 50 फीसदी आयात के जरिए पूरा करता है. वहीं, गन्ने और अन्य कृषि के जरिए प्राप्त एथनॉल को पेट्रोल में मिलाया जा रहा है ताकि आयात पर निर्भरता कम हो. इस समय देश में बड़े लेवल पर आयात किया जा रहा है.



**2025 तक 20 फीसदी मिलेगा एथनॉल–** दूसरे देशों पर निर्भरता को कम करने के लिए आयात किया जा रहा है. इसके साथ ही पुरी ने कहा है कि साल 2025 तक पेट्रोल में 20 फीसदी एथनॉल मिलाने का सरकार का लक्ष्य है. इसके साथ ही देश को हरित ऊर्जा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का प्लान है.

**पीएम मोदी ने किया उद्घाटन–** पीएम मोदी ने भारत ऊर्जा सप्ताह का उद्घाटन किया है. इसमें उन्होंने कहा है कि भारत तेजी से ऊर्जा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है. इस क्षेत्र में काफी संभावनाएं देखने को मिल रही हैं. कोरोना महामारी के बाद भी देश में कई तरह की सुविधाएं देखने को मिल रही हैं.

# जीवीके समूह ने कहा, अडाणी को मुंबई हवाई अड्डा बेचने के लिए कोई दबाव नहीं था

**हैदराबाद, एजेंसी।** विभिन्न कारोबार से जुड़ा जीवीके ग्रुप ने बुधवार को स्पष्ट किया कि उसके ऊपर मुंबई हवाई अड्डे में अपनी हिस्सेदारी बेचने के लिए किसी तरह का 'बाहरी दबाव' नहीं था।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को लोकसभा में समूह पर दबाव होने का आरोप लगाया था। उन्होंने संसद में कहा था कि भारत सरकार ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल कर जीवीके से मुंबई हवाई अड्डा लेकर उसे अडाणी को सौंप दिया। गांधी के इस आरोप के एक दिन बाद जीवीके ने इस मामले में यह बयान दिया है।

जीवीके के प्रवक्ता ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''मुंबई हवाई अड्डे में हिस्सेदारी अडाणी को बेचने का फैसला प्रबंधन ने लिया था और इसके लिए हमपर कोई 'बाहरी दबाव' नहीं डाला गया। अमेरिका की वित्तीय शोध और निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद अडाणी समूह को लेकर काफी 'हंगामा' मचा हुआ है। इस रिपोर्ट में अडाणी समूह पर लेनदेन में धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए हैं। जीवीके ग्रुप के वाइस चेयरमैन संजय रेड्डी ने एक टीवी चैनल के साथ बातचीत में उन परिस्थितियों को स्पष्ट किया जिनकी वजह से मुंबई हवाई अड्डे में हिस्सेदारी बेचनी पड़ी। रेड्डी ने कहा कि समूह हवाई अड्डा कारोबार के लिए धन जुटाना चाहता था। उन्होंने बताया कि अडाणी समूह के प्रमुख गौतम अडाणी ने उनसे संपर्क किया था और कहा था कि उनकी हवाई अड्डे में रुचि है और क्या जीवीके समूह उनके साथ सौदा करने का इच्छुक है। रेड्डी ने कहा, ''...अडाणी ने एक महीने में सौदा पूरा होने की बात कही। यह हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण था।

# जूनियर अडानी ने संभाली कमान, अडानी पोर्ट्स को लेकर बड़ा फैसला, चुकाएंगे 5000 करोड़ का लोन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग के निगेटिव रिपोर्ट के कारण अडानी समूह के इमेज को बड़ा नुकसान हुआ है। अह कंपनी अपने इमेज को संवारने में जुट गई है। जहां बार-बार अडानी के भारी-भरकम कर्ज के बोझ का हवाला दियाजा रहा है तो वहीं अब कंपनी लोन्स की प्रीपेमेंट और पेमेंट कर इस बोझ को कम कर रही है। कंपनी के इस कदम से निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा। सोमवार को कंपनी अपने गिरवी रखे शेयरों को वापस छुड़ाने के लिए 1.11 अरब डॉलर के लोन्स का प्रीपेमेंट की घोषणा की। अब गौतम अडानी के बेटे करण अडानी ने भी अडनी पोर्ट्स को लेकर बड़ा ऐलान किया है।

**अडानी पोर्ट्स की कमान करण के हाथों में–** अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशन इकोनॉमिक जोन के सीईओ करण अडानी ने एक रिकॉर्डेड वीडियो मैसेज के जरिए कहा कि हम मार्च 2024 तक करीब 5000 करोड़ के लोन का पेमेंट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम प्रीपेमेंट की योजना तैयार कर रहे है। कंपनी के डायरेक्टर और सीईओ करण अडानी ने मंगलवार को ये वीडियो मैसेज



जारी किया। उन्होंने कहा कि हम कर्ज के बोझ को कम करने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि हम लोन्स की प्रीपेमेंट के अलावा वित्त वर्ष 2024 के दौरान अडानी पोर्ट्स कैपिटल एक्सपेंडिचर के तौर पर 4000-5000 करोड़ रुपये के निवेश की योजना बना रहे है।

गौरतलब है कि करण अडानी ने ये घोषणा ऐसे वक्त पर की है, जब हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के कारण कंपनी तो बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के कारण अडानी के शेयर धड़ाधड़ बिकवाली देखने को मिली। इतना ही नहीं कंपनी को 20 हजार करोड़ रुपये का अपना एफपीओ तक वापस लेना पड़ा है। हालांकि मंगलवार को अडानी के शेयरों में तेजी लौटी थी। वहीं रेटिंग एजेंसियां मूडीज-फिच ने अडानी समूह के कर्ज को लेकर बड़ा बयान दिया है। अडानी के कर्ज को लेकर मूडीज और फिच दोनों ने अपनी रिपोर्ट दी है। दुनिया की प्रमुख रेटिंग एजेंसियों फिच और मूडीज ने मंगलवार को कहा कि अडानी समूह की कंपनियों द्वारा भारतीय बैंकों से लिया गया लोन इतना अधिक नहीं है कि उनकी ऋण गुणवत्ता पर किसी तरह का जोखिम पैदा हो।

# भ्रष्ट कर्मचारी को चार वर्ष का सश्रम कारावास

## न्यायालय ने 6 हजार का जुर्माना भी किया, लोकायुक्त में हुई थी शिकायत



**छिंदवाड़ा ।** पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त् कार्यालय, जबलपुर में पुलिस अधीक्षक के समक्ष उपस्थित होकर संदीप चन्द्रवंशी द्वारा दिनांक 09/11/17 को एक लिखित आवेदन प्रस्तुत किया था। जिसमें लेख किया कि उसके पिता गोविंद चन्द्रवंशी के स्वयं के कृषि भूमि पर कपिल धारा योजना के तहत कुंआ खुदवाने के लिये ग्राम पंचायत सिंगोडी में आवेदन दिया गया था जब वह उक्त कार्य के लिये आरोपियां रोजगार सहायक (जी0आर0एस0) से मिला तो कपिलधारा योजना के तहत कुंआ खुदाई की कार्यवाही के एवज में आरोपियां के द्वारा उससे 20,000/- रूपये रिश्वत की मांग की गयी। मोलभाव करने पर आरोपीयां रोजगार सहायक द्वारा प्रथम किस्त के रूप में दिनांक 13/11/2017 को 6000/- रूपये लेकर अपने कार्यालय बुलाया। प्रार्थी की शिकायत पर रिश्वत संबंधी वार्ता टेप लोकायुक्त टीम को सौंपने के बाद दिनांक 13/11/2017 को आरोपी को 6000/- रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथो लोकायुक्त् टीम द्वारा पंच साक्षियों के समक्ष पकड़ा गया था। प्रार्थी के आवेदन पर लोकायुक्त पुलिस द्वारा अप. क्र. 254/2017 के अंतर्गत विवेचना की कार्यवाही की गई। संपूर्ण विवेचना के पश्चान आरोपियां रोजगार सहायक (जी0आर0एस0) के विरूद्ध धारा 7, 13(1) डी सहपठित धारा 13(2) भ्र. निवा. अधिनियम के साथ अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, माननीय न्यायालय द्वारा आरोपियां के विरूद्ध आरोप विरचित कर साक्षियों के परीक्षण उपरांत श्री जी0 के0 हालदार उपसंचालक अभियोजन के तर्को से सहमत होते हुये दिनांक 08/02/2023 को माननीय विशेष न्योयालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) द्वारा आरोपियां रोजगार सहायक (जी0आर0एस0) को धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं 3000/- रूपये जुर्माना एवं धारा 13(1)ष्ठ सहपठित धारा 13(2) भ्रष्टा चार निवारण अधिनियम में 4 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 3000/- रूपये जुर्माने से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से श्री जी0 के0 हालदार उपसंचालक अभियोजन के द्वारा अभियोजन संचालन किया गया।

### गौवंश की तस्करी करने वाले आरोपी को कारावास

थाना बिछुआ के अपराध क्रमांक-127/2016 अंतर्गत धारा- 4,6,9 म.प्र. गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004, धारा 10 म.प्र. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, धारा-11 म.प्र. पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, प्रकरण क्रमांक 725/16 के आरोपी तेजपाल पिता घनश्याम पाल उम्र- लगभग 22 वर्ष निवासी रमपुरी थाना चांद जिला-छिन्दवाडा को माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सौंसर द्वारा दोषी पाते हुये धारा- 9 म.प्र. गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 में 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5000/-रू अर्थदंड का आदेश पारित किया गया । प्रकरण में शासन की ओर से प्रवीण श्रीवास्तव सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सौंसर के द्वारा पैरवी की गई। मुखबिर सूचना मिली कि थोटामाल के जंगल में कुछ व्यक्ति कूरतापूर्वक मारते पीटते हुए गाय बैलों को कत्ल खाना महाराष्ट्र ले जा रहे है सूचना पर से मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई जहां तेजलाल पाल व उसका साथी 15 नग गौवंश मवेशियों को ले जाते मिले तेजपाल का साथी झाडियों का फायदा उठाकर वहां से भाग गया ।

## जल्द दूर होगी पेयजल की समस्या

**छिन्दवाड़ा ।** नगर के वार्ड क्रमांक 22 मजार के पीछे निवासरत परिवारों की पेयजल समस्या का जल्द निराकरण किया जावेगा। कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के नेतृत्व में पेयजल समस्या के निराकरण की मांग को लेकर झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व वार्ड क्रमांक 22 में मजार के पीछे निवासरत परिवारों के सदस्यों ने नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा के जल सभापति प्रमोद शर्मा से भेंट कर समस्या से अवगत कराया। जल सभापति प्रमोद शर्मा ने सभी उपस्थितों को आश्वस्त किया कि जल्द ही उनके क्षेत्र में पेयजल की समस्या दूर की जावेगी साथ ही आवश्यकता अनुसार नल भी लगवाये जायेंगे। समस्या से अवगत कराने कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष फिरोज खान, ओमकुमारी, शबनम बी, हेमलता साहू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति




**छिन्दवाड़ा ।** विद्या अमृत पब्लिक स्कूल चंदनगांव में 8 फरवरी दिन बुधवार को वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ । इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल संचालिका श्रीमती मनीषा बाघे एवं मुख्य अतिथि जिला परियोजना समन्वयक जे.के. इड़पाचे तथा अतिथि अध्यक्ष अभय टेकाड़े, ऑल एजुकेशनल इंस्टीटयूटस वेलफेयर आर्गेनाईजेशन जिला छिंदवाड़ा शामिल हुए, छात्रों के रंगारंग कार्यक्रम ने उपस्थित अतिथियों और पालकगणों का मनमोह लिया । कार्यक्रम समाप्ति पश्चात प्राचार्य देवेन्द्र बाघे में सभी उपस्थित अतिथियों तथा पालकों एवं समस्त स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया ।

## संत श्री नरहरि महाराज की 127 वी पुण्यतिथि मनाया



**छिन्दवाड़ा ।** महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज के आराध्य संत पथ प्रदर्शक श्री नरहरि महाराज की 127 वी पुण्यतिथि स्वर्णकार भवन, पोआमा छिंदवाड़ा में पूजन पाठ कर उनके आदर्शों को याद किया गया एवं उनके बताए मार्ग पर चल कर समाज को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजीवन संरक्षक राजू पापडे, रामू पापडे, सलाहकार नंदकिशोर कुर्वे, जिलाअध्यक्ष रामकुमार सोनी निनावे, जिला संयोजक कृष्णराव निनावे, महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती रीता भुजाडे, जिला युवा अध्यक्ष मिथिलेश सोनी, अशोक एरपुडे, मनीष उरकुड़े, रितेश सोनी, दिगंबर मस्के, रामता प्रसाद सोनी, श्रीमती निशा कुर्वे, आशा सोनी निनावे, पुष्पा सोनी, वैशाली खरबड़े एवं अन्य युवा एवं महिला संगठन के पदाधिकारी उपस्थित हुए ।

## एक प्राथमिक शिक्षक निलंबित

**छिन्दवाड़ा ।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य श्री सत्येन्द्र सिंह मरकाम द्वारा प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खमरा के प्रतिवेदन में अभिलेखों को संधारण नहीं करने व अन्य व्यक्ति से अध्यापन कार्य कराये जाने का लेख करने पर जिले के विकासखंड बिछुआ के ग्राम थोटामाल के एकीकृत शासकीय हाई स्कूल के प्राथमिक शिक्षक श्री चैनसिंग चौरिया को पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही और उदासीनता बरतने व उक्त कृत्य कदाचरण की श्रेणी में आने पर श्री चौरिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में श्री चौरिया का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय हर्रई रहेगा और उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी ।

## महापौर विक्रम अहके ने किया मोक्षधाम टीन शेड का भूमिपूजन

**छिंदवाड़ा ।** नगर के विकास कार्यों को गति देते हुए



आम जनों की मांग को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध शहर सरकार ने आज एक और जन हितेषी कार्य को पूरा करने हेतु भूमि पूजन किया। महापौर विक्रम अहके एवं निगम अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनू मागो वार्ड नंबर 9 के चौखड़ा में मोक्षधाम टीन शेड का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर दिगंबर ठाकरे, विजेंद्र भार्गव, भैया जी शिवहरे, अरविंद पटेल, राजेश चौधरी, चेतराम पाल, लीना तिरगांव, गोविंद पटेल, अशोक पटेल, अशोक उसरेठे, गोपाल उसरेथे, कन्हैया साहू, शिव साहू, अमित मुकेश टेकरे, संजू पटेल आशीष उसरेठे, आशिक यादव, शशि उसरेठे, अनखाबाई, धनस बाई, विनीता पटेल, शमा तिरगाम रेखा साहू, अंबिका युवनाती एवं वार्ड नंबर 9 के रहवासी उपस्थित रहे।

## शौर्य क्लब इटावा ने ब्लैक कैप नागपुर को 7 विकेट से हराया।

**छिंदवाड़ा ।** प्रतियोगिता सचिव संदीप मालवीय एवं प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष एवं खेल मित्र नितिन खंडेलवाल ने बताया कि मैच ब्लैक कैप नागपुर व शौर्य क्लब इटावा के मध्य शुक्ला ग्राउंड में खेला गया । पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्लैक केप नागपुर ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 188 रन बनाएं जिसमे 48 रन अभिषेक पाठक व 43 रन मोहम्मद करीम ने बनाये। शौर्य क्लब इटावा के गेंदबाज अभय सोलंकी 3 व अतुल मिश्रा ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य को शौर्य क्लब इटावा ने 17.2 ओवर में 3 विकेट खोकर 189 रनों का लक्ष्य हासिल कर लिया। शौर्य क्लब के बल्लेबाज प्रथम सलूजा ने शानदार ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए मात्र 36 गेंदों में 16 चौको व 5 छक्कों की सहायता से 100 रन बनाए। वही 40 रन अजीत वर्मा ने बनाये। मैच 7 विकेट से शौर्य क्लब इटावा ने जीता। मैन ऑफ द मैच रहे प्रथम सलूजा को 2100 रुपये नगद पुरस्कार प्रदान किया गया ।आज दिनांक 09/02/2023 को शुक्ला ग्राउंड में दोपहर 12:30 से ब्लैक कैप नागपुर एवं आरईपीएल लखनऊ के मध्य खेला जाएगा।

## जनजाति सुरक्षा मंच भोपाल में डीलिस्टिंग गर्जना महारैली में होंगे शामिल

**छिंदवाड़ा ।** जनजाति सुरक्षा मंच छिंदवाड़ा के जिला संयोजक गुरूप्रसाद धुर्वे ने बताया कि जनजाति सुरक्षा मंच मध्यप्रदेश गर्जना डीलिस्टिंग महारैली दिनांक 10 फरवरी 2023, दिन शुक्रवार को दशहरा मैदान भोपाल में है । जनजाति सुरक्षा मंच की मांगे जिसमें राजनैतिक दल अनुसूचित जनजातियों के लिये आरक्षित सीट पर धर्मान्तरित व्यक्ति को टिकट नहीं दिया जाए तथा धर्मान्तरित व्यक्तियों को अनुसूचित जनजाति की सूची में से हटाया जाय । सरकारी नोकरियां पहले से ही कम है, यदि समय रहते धर्मांतरित लोगों को पदच्युत नहीं किया गया तो जनजाति समुदाय को नौकरियों का अवसर कभी नहीं मिल पाएगा। पुरखों की संस्कृति ही संविधान का हक का आधार है जिन्होंने संस्कृति छोड़ दी, उन्होंने जनजाति पहचान छोड़ दी, अब वे हमारा आरक्षण भी छोड़ दे। अनुसूचित जाति की भांति अनुसूचित जनजाति में भी ईसाइयों और इस्लाम धर्मांतरित सदस्यो की डीलिस्टिंग हो क्योकि ये लोग कानूनन अल्पसंख्यक है, वही रहे । 1970 से डीलिस्टिंग बिल, संसद में लंबित है अब पारित किया जाए। 5 प्रतिशत धर्मांतरित लोग, मूल जनजाति की 70 प्रतिशत नौकरियां, छात्रवृत्ति और विकास फंड हड़प रहे है अर्थात 95 प्रतिशत को मात्र 30 प्रतिशत लाभ ही मिल रहा है, यह अन्यायपूर्ण है। बैकलाक भर्ती में जनजाति बंधुओं की सीटों को जनजाति बंधुओं से ही भरी जाए सहित अन्य मांगों को लेकर जनजाति सुरक्षा मंच छिंदवाड़ा के जनजाति बंधु एवं भगिनी जनजाति भेषभूषा एवं नृत्यक दल के साथ हजारों की संख्या में दशहरा मैदान भोपाल पहुंचेंगे ।

## एकाग्रता से सफलता निश्चित: विश्वनाथ ओक्टे

### जेईई नीट की निःशुल्क कोचिंग का हुआ शुभारंभ



**छिन्दवाड़ा ।** देश और प्रदेश में शिक्षा और रोजगार पाना अब मुश्किल होता जा रहा है। शिक्षा दिन पर दिन महंगी होती जा रही है, परन्तु छिन्दवाड़ा जिला इससे अछूता है,क्योंकि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ व जिले के सांसद श्री नकुलनाथ के प्रयासों से जिले के विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराकर रोजगार से जोड़ा जा रहा है। कुछ प्रमुख विषयों की तैयारी के लिये स्थानीय स्तर पर कोचिंग संस्थान नहीं होना अभिभावकों और पालकों पर आर्थिक बोझ बनता जा रहा है, क्योंकि महानगरों में किराये का मकान लेकर और कोचिंग संस्थानों की महंगी फीस चुकाना हर किसी के लिये संभव नहीं है, किन्तु प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ व सांसद श्री नकुलनाथ के प्रयत्नों से भोपाल, दिल्ली और इंदौर जैसे महानगरों में पढ़ाई जाने वाली जेईई नीट की कोचिंग स्थानीय स्तर पर निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है ताकि जिले के जरूरतमंद होनहार विद्यार्थियों को भटकना ना पड़ें और उनके सपने भी साकार हो सकें। जिले के युवाओं के उज्जवल भविष्य के प्रति दूर दृष्टि रखने वाले पूर्वमुख्यमंत्री श्री कमलनाथ एवं सांसद श्री नकुलनाथ की कोशिशों से कॅरियर फर्स्ट के माध्यम से बैंक, रेलवे, एसएससी, एमपीपीएससी, पटवारी भर्ती व अन्य प्रतियोगी परीक्षा, देश की नंबर एक आईटी कंपनी टीसीएस के माध्यम से यूथ एम्प्लॉयमेंट, एचसीएल के टेक बी प्रोग्राम, जेईई एवं नीट प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग एवं विभिन्न राष्ट्रीय अथवा अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में रोजगार आदि ऐसे अनेकों अवसर निरंतर उपलब्ध हो रहे हैं। जिले के युवाओं को विभिन्न कोर्सेज की निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जा रही है, विद्यार्थी एकाग्रता से शिक्षा प्राप्त करें तो सफलता निश्चित है। उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने जेईई एवं नीट की निःशुल्क कोचिंग क्लासेज के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों से कही।

## वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई ने किया रक्तदान

**छिंदवाड़ा ।** वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई छिंदवाड़ा के द्वारा नारायण प्रसाद गुप्ता नानाजी की पुण्य तिथि पर जिला अस्पताल छिंदवाड़ा में रक्तदान शिविर का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू ने बताया कि स्व नारायण प्रसाद गुप्ता नानाजी ने वैश्य समाज को संगठित कर वैश्य समाज को एक नई दिशा दी है। नानाजी हम सभी के प्रेरणा स्रोत है। आज वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई पूरे प्रदेश में नानाजी की पुण्य स्मृति में प्रतिवर्ष रक्त दान शिविर का आयोजन करती है। इसी क्रम में आज जिला अस्पताल छिंदवाड़ा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई के संभागीय अध्यक्ष प्रवेश बाबू भालोटिया, जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, श्रीमती प्रिया साहू, प्रवीण जैन महावीर, मनमोहन चांडक, महेश गुप्ता, विजय साहू, आकाश गुप्ता, विवेक विक्की साहू, मोहित साहू, मोहित चौरसिया, अंकितराज जैन, विकास विश्वकर्मा, सुमित ताम्रकार, अशोक खापरे, सनी भारद्वाज, सौरभ पाटनी द्वारा रक्त दान किया गया।इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री विजय झांझरी, जिला प्रभारी प्रभुनारायण नेमा, जिलाध्यक्ष रमेश जाखोटिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीरज भारद्वाज, संभागीय अध्यक्ष युवा इकाई प्रवेश बाबू भालोटिया, जिला अध्यक्ष युवा इकाई धर्मेंद्र साहू, तहसील अध्यक्ष युवा इकाई पंकज साहू, मनोज बाकलीवाल, राजेश जैन पांडे, श्रीमती प्रिया साहू, मनमोहन चांडक, मनीष गुप्ता, विवेक राज जैन, विकास वात्सल्य, प्रवीण जैन महावीर, अंकितराज जैन, चेतन जैन चानी, विवेक साहू आकाश गुप्ता, विजय साहू, मोहित चौरसिया, मोहित साहू सहित बड़ी संख्या में वैश्यजन उपस्थित रहे।




## विकास यात्रा के माध्यम से सरकार की योजना की जानकारी



**अमरवाड़ा ।** विकासखंड की ग्राम पंचायतों में मध्यप्रदेश शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार विकास यात्रा के माध्यम से किया जा रहा है! विकास यात्रा में पूर्व जनपद अध्यक्ष टीकाराम चंद्रवंशी के मुख्य आतिथ्य एवं नीलेश कंगाली अध्यक्ष जनपद पंचायत की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत चिखली मुकाशा से प्रारंभ हुई यात्रा में टीकाराम चंद्रवंशी जिला महामंत्री (भाजपा )ने सरकार के द्वारा विभिन्न योजनाए चल रही इस पर प्रकाश डाला। यात्रा के माध्यम से सरकार की योजना की जानकारी आप तक पहुंच सके यात्रा का उद्देश्य पर,नीलेश कंगाली अध्यक्ष जनपद पंचायतने कहा कि भाजपा की सरकार आदिवासी भाईयों बहनों को बहुत सी योजनाओं का लाभ सरकार दे रही है सरकार का उद्देश्य है कि सभी को शासन की सभी योजनाओं का लाभ मिल सके कार्यक्रम में रामनारायन परतेती, विनोद चंद्रवंशी, मुकेश यादव,धनपालशाह उईके, तेजलाल बंजारा, भोजेलाल बंजारा, संतोष चौबे यात्रा में मुख्य रूप से तहसीलदार छवि पंथ ,मुख्य कार्यपालन अधिकारी एमआर मेहरा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, महिला बाल विकास,थाना प्रभारी मोहन सिंह मसकोले,बीईओ एन पी परतेति और अन्य विभागों के विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधीगण उपस्थित रहे !

## तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव

# सिंघई परिवार ने चढ़ाई स्वर्ण ध्वजा,आयोजक परिवार ने वेदी सूतन कर स्वर्ण कलश चढ़ाया

**छिंदवाड़ा ।** मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा के विद्धवतगणों एवं श्रेष्ठिगणों की नगरी सिंगोड़ी में जिनवाणी तत्वरसिक जिनशासन सेवक सर्वश्री सुभाषचंद, नरेंद्रकुमार, राजाबाबू, लीकेशकुमार जैन परिवार द्वारा तीन दिवसीय जिनवाणी स्थाप, वेदी प्रतिष्ठा, कलशारोहण एवं तिलक महोत्सव देश भर से पधारे त्यागीव्रती, हजारों श्रेष्ठीगण एवं श्रावक श्राविकाओं, जनप्रतिनिधियों की विशेष उपस्थित में विविध उपलब्धियों सहित साआनन्द संम्पन्न हुआ। महोत्सव के मीडिया प्रभारी दीपकराज जैन ने बताया कि तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव आत्मनिष्ठ साधक बाल ब्रह्मचारी आत्मानन्दजी महाराज सहित बड़ी संख्या में ब्रह्मचारी भाई एवं ब्रह्मचारिणीय बहनों की विशेष उपस्थिति में प्रतिष्ठाचार्य प्रतिष्ठरत्न पण्डिश्री नीलेशकुमारजी जैन, विजयजी मोही, नेमीचन्दजी गोयल, जयकुमारजी जैन एवं सहप्रतिष्ठाचार्य पं. हेमचंदजी जैन सहित सैकड़ों विद्धवतगणों, हजारों श्रावकगणों की विशेष उपस्थिति में श्रीमंत सेठ समाज भूषण अशोकजी जैन काकाजी सागर, ज्ञानचन्दजी जैन बीना, प्रहलादकिशोरजी जैन उदयपुरा, पंकज जैन गंज बासौदा, सीए मनोहरलाल जैन भोपाल, प्रो. उदयकुमार जैन इंदौर, शांताकुमार जैन छिंदवाड़ा, सुजीत जैन सिवनी, नगर गौरव डिप्टी कलेक्टर सारांश जैन सहित छिंदवाड़ा, सिवनी, जबलपुर, नागपुर, भोपाल के साथ पूरे देश से पधारे हजारों श्रेष्ठिजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिले के गणमान्य जनप्रतिनिधियों ने सर्वश्री प्रेमनारायण ठाकुर, विश्वनाथ ओकटे, विवेक बंटी साहू, शेषराव यादव, विक्रम आहाके, अमित सक्सैना, विवेक बंटी साहू, विधायक कुअँर कमलेश शाह, रत्नेश जैन, आनन्द बक्सी, उत्तमसिंग ठाकुर, आर. एस. पटेल, रविशंकर कहार, कामनी शाह, प्रीति नितिन तिवारी, जय सक्सेना, सन्तोष जैन, देवेंद्र जैन, विजय झांझरी, टीकाराम चन्द्रवँशी, डॉ. उमेश शर्मा, रोहित पोपली, सोनू सरसवार सहित विविध विभाग के सम्मानीय अधिकारीगण उपस्थित हुए जिनका आयोजक परिवार ने आत्मीय अभिनन्दन किया।



**ये हुए मुख्य आयोजन** - तीन दिवसीय महोत्सव में चैत्यालयजी पर मुख्य स्वर्ण ध्वजारोहण करने का सौभाग्य सिंघई मनोजकुमार, मन्नूलाल, मनोहरलाल, रविन्द्रकुमार, डॉ. अखिलेश जैन परिवार को प्राप्त हुआ जिनके साथ स्वर्ण कलश आयोजक परिवार ने चढ़ाया जिनके साथ अन्य साधर्मियों को भी मंगल कलश, धर्मध्वजा चढ़ाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। महोत्सव के समस्त धार्मिक अनुष्ठानों के साथ छिंदवाड़ा तारण तरण नवयुवक मंडल की सुमधुर भजन गायकी एव सिंगोड़ी की बालिका मण्डल, महिला मंडल की सांस्कृतिक कार्यक्रम, शौर्या जैन सिवनी की सुंदर प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।

## विकास यात्रा के दौरान 203 हितग्राही लाभान्वित

### प्रदेश के आयुष, जल संसाधन राज्य मंत्री हुये शामिल



**छिन्दवाड़ा ।** जिले के विधानसभा क्षेत्र छिंदवाड़ा के नगरपालिक निगम छिंदवाड़ा में आज प्रधानमंत्री आवास योजना की थीम पर विकास यात्रा प्रथम चरण में बरारीपुरा से प्रारंभ होकर पटेल कॉलोनी, सरन काम्पलेक्स व चित्रकूट काम्पलेक्स होते हुये चर्च कंपाउंड व विवेकानंद कॉलोनी पहुंची जहां सांई मंदिर के पास दोपहर की सभा में विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण के बाद प्रथम चरण का समापन हुआ । विकास यात्रा के व्दितीय चरण में यात्रा गुर्रया रोड, बजरंग नगर, संचार कॉलोनी, सुंदर देवरे नगर, राज नगर व सिविल लाईन होते हुये पंचशील नगर पहुंची जहां मैदान में यात्रा के समापन पर सभा के आयोजन के साथ ही हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया। विकास यात्रा के दौरान कुल 203 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। यात्रा के दौरान गुरैया रोड पर हुये कार्यक्रम में प्रदेश के आयुष (स्वतंत्र प्रभार) एवं जल संसाधन राज्य मंत्री श्री रामकिशोर नानो कावरे शामिल हुये और उन्होंने शासकीय योजनाओं व उनसे लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों की जानकारी प्राप्त की तथा हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किया।जिले के विधानसभा क्षेत्र छिंदवाड़ा के नोडल अधिकारी एवं राजस्व अनुविभागीय अधिकारी छिंदवाड़ा श्री अतुल सिंह ने बताया कि विकास यात्रा के दौरान भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार योजना के अंतर्गत 11 हितग्राहियों व संबल योजना के अंतर्गत 42 हितग्राहियों और विभिन्न पेंशन योजना के अंतर्गत 2 हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किया गया तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत 20 हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया और 128 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया ।

## मेडिकल कालेज की एम.आर.आई मशीन कब चालू होगी ?

### कमीश्नर बी. चन्द्रशेखर का दौरा आज

**छिंदवाड़ा ।** जबलपुर के कमीश्नर बी.चन्द्रशेखर आज इन्टरव्यू लेने मेडिकल कालेज छिंदवाड़ा आ रहे हैं। मेडिकल कालेज उन्ही के अधिनस्थ है, वे उसके प्रमुख कहताते है, मेडिकल कालेज में अव्यवस्थाओं को लेकर एवं डीन के व्यवहार को लेकर डाक्टर हमेशा आन्दोलित रहते है।



कमलनाथ परिवार द्वारा दी गई एम.आर.आई मशीन आज तक चालू नहीं हुई, लोगों को एम.आर.आई के लिए नागपुर जाना पड़ता है। बताया जाता है कि अन्यव्यवस्थाओं एवं तानाशाही को लेकर मेडिकल एसोसिएशन के डाक्टर कमीश्नर बी.चन्द्रशेखर से मिलने वाले हैं।

## सांसद कप टेबिल टेनिस का शुभारम्भ...

# कमलनाथ-नकुलनाथ ने हमेशा खेलों को बढावा दिया: संजय पुन्हार

### खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर जायें और जिले का गौरव बढायें: सोनू मागो



**छिंदवाड़ा ।** सांसद कप टेबिल टेनिस का शुभारंभ जिला टेबिल टेनिस संघ के तत्वाधान में आयोजित सांसद कप टेबिल टेनिस चैम्पियनशिप का शुभारंभ जिला पंचायत के अध्यक्ष संजय पुन्हार एवं निगम अध्यक्ष सोनू मागो ने किया। इस अवसर पर संजय पुन्हार ने कहा कि कमलनाथ और नकुलनाथ ने हमेशा खेलों को महत्व दिया है, जिसका परिणाम है कि खेलों में छिंदवाड़ा अग्रणी है। उन्होने जिला पंचायत की ओर से एक टेबिल टेनिस टेबिल देने की घोषणा भी की, निगम अध्यक्ष सोनू मागो ने कहा कि खिलाड़ी खेल भावना से खेलते हुये आगे बढे ओर जिले का गौरव बढायें। जिला टेबिल टेनिस संघ के अध्यक्ष जे.पी.सिंग ने टेबिल टेनिस संघ की गतिविधियों की जानकारी देते हुये राज्य सरकार से मांग की कि जो टेबिल टेनिस हाल अधूरा है, उसकी राशि सरकार देवे जिससे यहां पर प्रतियोगिता हो सके। कार्यक्रम में डॉ. ब्राऊन, बाबा बेग, प्रबल सक्सेना, गोविन्द चौरसिया, संजय परतेती उपस्थित थे। संघ के सचिव संजय ठाकुर, अजय ठाकुर, मनोज सोनी, जी.एस.आर नायडू, मीनाक्षी श्रीवास, ललिता सरवैया, श्रीमती निर्मला घई, कमल अहिल्या, अविनाश दास गुप्ता, संजय ठाकुर, दिनेश वैस, लोमेश जुनेजा, गेन्दलाल विश्वकर्मा ने अतिथियों का स्वागत

# नहर के माध्यम से पानी लाने की मांग,

## क्षेत्रवासियों ने शुरू किया नहर नहीं तो वोट नहीं अभियान

### 14 फरवरी को अमरवाड़ा में करेंगे उग्र आंदोलन



**अमरवाड़ा ।** अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग माचागोरा डैम का पानी नहर के माध्यम से अमरवाड़ा क्षेत्र में लाने की मांग 2013 से की जा रही है लेकिन 10 वर्ष बीत जाने के बाद भी संबंधित शासन प्रशासन के द्वारा इस और ध्यान नहीं दिया गया है अब माचागोरा डैम का पानी अमरवाड़ा क्षेत्र में लाने कि मांग ने अब उग्र आंदोलन लेना शुरू कर दिया है जिसका कारण है कि अमरवाड़ा क्षेत्र के मर कबाड़ा विनेकी लिंगपानी क्षेत्र के लगभग 40 ग्राम के लोगों को लाभ मिलेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के माचागोरा नहर आंदोलन शुरू किया गया है जिसके अंतर्गत अभी मरकावाडा बिनेकी लिंगपानी क्षेत्र में किसान महापंचायत संघ का गठन कर आंदोलन किया जा रहा है और निरंतर माचागोरा डैम का पानी क्षेत्र में लाने की मांग की जा रही है लेकिन संबंधित अधिकारियों और जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों के द्वारा अभी तक मांगों को नहीं सुना गया है जिससे आक्रोशित क्षेत्रवासियों ने विधानसभा चुनाव में वोट नहीं डालने की चेतावनी दे दी है।

### नहर नहीं तो वोट नही

क्षेत्रवासियों के द्वारा नहर नहीं तो वोट नहीं के बैनर तले आंदोलन किया जा रहा है ग्रामीणों ने बताया कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक हमारा आंदोलन निरंतर जारी रहेगा और आगामी 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव का हम बहिष्कार करेंगे क्योंकि जो सरकार जो जनप्रतिनिधि हमारी मांग पूरी नहीं कर सकते किसानों के हित में कार्य नहीं कर सकते ऐसी सरकार को हम वोट नहीं डालेंगे

### 14 फरवरी को होगा उग्र आंदोलन

किसान महापंचायत का गठन कर माचागोरा डैम का पानी क्षेत्र में लाने के लिए अब उग्र आंदोलन होगा क्योंकि 10 वर्षों से यह आंदोलन निरंतर चल रहा है लेकिन संबंधित अधिकारियों ने ना तो ध्यान दिया होना ही जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों ने ध्यान दिया है जिसके चलते आक्रोशित ग्रामीणों ने अब उग्र आंदोलन की चेतावनी दे दी है जिसमें लगभग 40 गांवों के लोग अपना सहयोग देंगे 14 फरवरी को अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा स्तरीय आंदोलन किया जाएगा इस मौके पर सभी क्षेत्रवासियों को आमंत्रित किया।



# तुर्किए–भूकंप पर भारत की पहल

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

तुर्किए और सीरिया में आए भूकंप ने सारी दुनिया को हिलाकर रख दिया है। ऐसे भूकंपों ने ईरान, अफगानिस्तान और नेपाल जैसे पड़ौसी देशों में भी कई बार हड़कंप मचाया है लेकिन वर्तमान भूकंप में लगभग 10 हजार लोग मारे गए हैं और लाखों लोग घायल हो गए हैं। बेघरबार हुए लोगों की संख्या तो और भी बड़ी है। आशा करें कि अभी कोई और झटका न आ जाए। इस वक्त दुनिया के कई देश तुर्किए की मदद के लिए आगे आ रहे हैं लेकिन भारत ने इस मामले में जितनी फुर्ती और दरियादिली दिखाई है, उसने उसे दुनिया के महान राष्ट्रों की पंक्ति में खड़ा कर दिया है। तुर्किए और भारत के रिश्ते पिछले कुछ वर्षों में बहुत अच्छे नहीं रहे। तुर्किए ने भारत सरकार के उन कदमों का कड़ा विरोध किया था, जो उसने कश्मीर के बारे में उठाए थे। उसने कश्मीर के सवाल पर अन्य मुस्लिम राष्ट्रों को भड़काने का भी प्रयत्न किया था जबकि सउदी अरब जैसे राष्ट्रों ने इस मुद्दे को भारत का आंतरिक मामला बताया था लेकिन भारत सरकार ने इस वक्त तुर्किए के मजहबी जूनून को दरकिनार करके इंसानियत के दरवाजे खोल दिए हैं। चार-चार चार्टर जहाजों से उसने लगभग 100 डॉक्टरों और नर्सों को अंकारा और इस्तांबूल भेज दिया है। उसने ऐसे बचावकर्मियों को भी बड़ी संख्या में वहां भेजा है, जो मलवे में दबे लोगों की जान बचाने की कोशिश करेंगे। ऐसी ही मदद हमारी सरकारों ने 2011 में जापान और 2015 में नेपाल में जब भूकंप आया था, तब तुरंत मदद भिजवाई थी। तुर्किए के राष्ट्रपति रिसेप तय्यब एर्दोगन ने दिल्ली में हुए दंगों पर एकतरफा भर्त्सना करने का दुस्साहस दिखाया था लेकिन हमारी सरकार ने तुर्किए की मदद करते समय हिंदू-मुसलमान का कोई भेद नहीं किया। इससे मोदी सरकार की छवि भारत के अल्पसंख्यकों में भी सुधरेगी। भारत और तुर्किए के प्रतिनिधियों की संयुक्तराष्ट्र संघ में टक्कर होती रही है लेकिन पिछले साल सितंबर में समरकंद में हुए शांघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में जब मोदी और एर्दोगन की भेंट हुई तो आपसी संबंधों में काफी नरमी पैदा हो गई। मैं इसीलिए बराबर तर्क देता रहता हूं कि यदि इस वक्त हम पाकिस्तान की संकटग्रस्त जनता की मदद के लिए हाथ बढ़ा दें तो दोनों देशों के संबंधों में अपूर्व सुधार हो सकता है। दिल्ली स्थित तुर्किए के राजदूत फिरत सुनेल ने भारतीय मदद के बारे में क्या खूब कहा है कि ''दोस्त वही होता है, जो आड़े वक्त काम आता है।'' तुर्किए को अगर जरूरत हो तो भारत अपनी मदद बढ़ा सकता है। अन्य संपन्न देशों को भी उसकी मदद के लिए वह प्रेरित कर सकता है। उसकी यह पहल दुनिया के सभी मुस्लिम राष्ट्रों में भारत के प्रति आदर की भावना को जगाएगी। तुर्किए में आए इस भयंकर भूकंप से भारत को भी सबक लेना होगा, क्योंकि भारत में छोटे-मोटे भूकंप आते ही रहते हैं।

## शिवराज सरकार फिर बढ़ा रही रिटायरमेंट की उम्र

**भोपाल।** सरकारी कर्मचारियों को जल्द ही शिवराज सरकार की तरफ से नई खुशखबरी मिल सकती है। चुनाव से पहले सरकार हर वर्ग को साधने की कोशिश में है। अब प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों को खुश करने के लिए शिवराज सरकार तैयारी कर रही है। जानकारी के मुताबिक सरकारी कर्मचारियों की रिटायरमेंट उम्र एक साल बढ़ाए जाने (62 से 63 साल) का प्रस्ताव सामान्य प्रशासन विभाग ने तैयार कर लिया है। बताया जा रहा है कि सामान्य प्रशासन विभाग ने मसौदा तैयार करके सीएम ऑफिस भेज दिया है। फ़िलहाल सरकारी कर्मचारियों की रिटायरमेंट आयु 62 साल है। लेकिन, सरकार की तरफ से प्रस्ताव पारित होने के बाद रिटायरमेंट की उम्र बढ़कर 63 साल हो जाएगी। पांच साल में ये दूसरा मौका है, जब रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाई जा रही है। पहले रिटायरमेंट की उम्र 60 साल थी। प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों के रिटायर होने की संख्या ज्यादा है। लेकिन, रिटायरमेंट की उम्र बढ़ने से नई भर्तियां अटक रही हैं।

**पहले 60 साल से बढ़ाकर 62 साल की-** पिछली बार भी विधानसभा चुनाव से पहले सरकार ने इस मामले पर फैसला लिया था। 2018 में भी शिवराज सरकार ने रिटायरमेंट की उम्र 60 साल से बढ़ाकर 62 साल की थी। 1998 में भी दिग्विजय सिंह सरकार ने 58 साल की रिटायरमेंट उम्र को बढ़ाकर 60 वर्ष किया था।

**तीन साल में ढाई लाख रिटायर होंगे –** पिछले पांच साल में रिटायर होने वाले सरकारी कर्मचारियों ये संख्या घट रही है। पहले ये संख्या 7 लाख के करीब थी, लेकिन अब ये संख्या करीब सवा चार लाख ही है।अनुमान है कि, अगले तीन साल में रिटायर होने वाले कर्मचारियों की संख्या करीब ढाई लाख होगी। ऐसे में दफ्तरों में करीब दो लाख से भी कम अधिकारी-कर्मचारी रह जाएंगे।

## 2 आईपीएस अधिकारियों को मिला अतिरिक्त प्रभार

**भोपाल।** राज्य शासन ने आज अलग-अलग आदेश जारी कर दो आईपीएस अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। राज्य शासन ने भारतीय पुलिस सेवा के 2014 के अधिकारी अविजीत कुमार रंजन को वर्तमान कार्य के साथ-साथ पुलिस अधीक्षक जिला नरसिंहपुर के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। वह वर्तमान में सेनानी 35 वीं बटालियन विसबल मंडला के पद पर पदस्थ हैं। इसी प्रकार भारतीय पुलिस सेवा के 2012 बैच के अधिकारी प्रमोद कुमार सिन्हा पुलिस अधीक्षक जिला उमरिया को अस्थाई रूप से वर्तमान कार्य के साथ-साथ पुलिस अधीक्षक पीटीएस उमरिया के रिक्त पद का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा है।

## शैतान सिंह पाल को केबिनेट मंत्री का दर्जा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश शासन ने आदेश जारी कर राज्य इलेक्ट्रानिक्स विकास निगम के अध्यक्ष शैतान सिंह पाल को केबिनेट मंत्री का दर्जा प्रदान किया है।

## 2000 बैच के आईएएस अधिकारी बने मुख्यमंत्री के सचिव

**भोपाल।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2000 बैच के आईएएस अधिकारी विवेक पोरवाल मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सचिव बनाए गए हैं। इस आशय के पदस्थापना आदेश शासन द्वारा जारी किए गए हैं।



## पत्रकार प्रकाश जायसवाल का निधन

**छिंदवाड़ा।** पत्रकार डॉ श्री प्रकाश जायसवाल का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया, उनकी अंत्येष्टि पर सभी वर्गो के लोग शामिल हुए । जिले के पत्रकारों ने शोक संवेदना व्यक्त की।

# मप्र में 3 दिन बाद और बढ़ेगी ठंड

## पहाड़ों पर बर्फबारी होने से अभी हल्की ठंडक

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में हवाओं का रुख बदलने से दिन में हल्की ठंडक है। कई शहरों में दिन का तापमान 4 डिग्री तक लुढ़क गया है। बुधवार रात प्रदेश के 15 जिलों में रात का तापमान 10 से कम रिकॉर्ड हुआ। सबसे कम न्यूनतम पारा पचमढ़ी में 4 डिग्री दर्ज हुआ। सबसे ज्यादा नरसिंहपुर में 15 डिग्री रहा।

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि फरवरी में इसी तरह दिन-रात का पारा ऊपर-नीचे होता रहेगा। हालांकि, कड़ाके की ठंड नहीं रहेगी। पहाड़ों पर बर्फबारी होने के कारण ठंडक बढ़ी है। गुरुवार को देश के उत्तरी हिस्से में एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस पहुंच रहा है। अगले 3 दिन तापमान में मामूली इजाफा होगा। जब यह वेस्टर्न डिस्टरबेंस वहां से क्रॉस हो जाएगा, तब हमारे यहां ठंडक और बढ़ेगी।

**पारे में बढ़ोतरी का ट्रेंड आएगा-** मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि अब पारे में बढ़ोतरी का ट्रेंड रहेगा।



अभी हवाओं का रुख उत्तर-पश्चिमी है। इस कारण दिन के तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की जा रही है, लेकिन दक्षिण-पूर्वी हवा चलने से फिर से पारा बढ़ेगा।

**इस वजह से मौसम हो रहा चेंज-** मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, फरवरी के आखिरी हफ्ते से मप्र में गर्मी दस्तक दे सकती है। मार्च के आखिरी हफ्ते से लू चलने के हालात बन जाएंगे। आमतौर पर मप्र में तेज गर्मी 15 मार्च से शुरू होती है, जो 10 जून तक चलती है। इसके बाद प्री-मानसून गतिविधियां शुरू होती हैं। मार्च में सूर्य भूमध्य रेखा के करीब पहुंच जाता है, इससे दक्षिण भारत तपने लगता है। अप्रैल में सूर्य की स्थिति बदलने के बाद ही मप्र के दक्षिणी हिस्सों से तेज गर्मी की शुरुआत होती है, जो मई मध्य तक पूरे प्रदेश को कवर कर लेती है। जून के दूसरे पखवाड़े में सूर्य की स्थिति बदलने पर मौसम भी बदलने लगता है, लेकिन इस बार गर्मी का दौर लंबा चलने के संकेत हैं।

# भोपाल की 103 अवैध कॉलोनी में मिलेगी बिल्डिंग परमिशन

## 25 साल पुरानी कॉलोनियों में नए रेट पर अनुमति, निगम ही जारी करेगा



**भोपाल।** राजधानी भोपाल की 103 अवैध कॉलोनियों में बिल्डिंग परमिशन के रास्ते खुल गए हैं। 25 साल तक पुरानी इन कॉलोनियों में नए रेट पर अनुमति दी जा सकेगी। इसके लिए नगर निगम ने नवीन दर निर्धारित कर दी है। इन कॉलोनियों में वास्तुविद् एवं संरचना इंजीनियर अनुमति की प्रोसेस नहीं कर सकेंगे। निगम ही यहां बिल्डिंग परमिशन जारी करेगा।

निगम प्रशासन ने भोपाल नगर निगम सीमांतर्गत वर्ष 1998 से प्रचलित 209 कॉलोनियों में से शेष 103 अनाधिकृत कॉलोनियों के विकास शुल्क की नवीन दरों का निर्धारण कर दिया है। वहीं, उक्त कॉलोनियों की बिल्डिंग परमिशन नगर निगम द्वारा ही जारी करने का निर्णय लिया है। वास्तुविद् अथवा संरचना इंजीनियर उक्त कॉलोनियों की भवन अनुज्ञा जारी नहीं करेंगे। निगम प्रशासन ने चेतावनी भी दी है कि यदि कोई वास्तुविद्/संरचना इंजीनियर उक्त कॉलोनियों में भवन अनुज्ञा जारी करता है तो उनके लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। उक्त कॉलोनियों के भूखंडधारी भूस्वामित्व संबंधी दस्तावेज, जोन कार्यालय से प्राप्त विकास शुल्क की रसीद, एनओसी, मानचित्र सहित अन्य जरूरी दस्तावेज वास्तुविद्/संरचना इंजीनियर के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत कर निगम से नियमानुसार भवन निर्माण अनुमति प्राप्त कर सकेंगे।

### यह दर तय हुई

नगर निगम प्रशासक के संकल्प 31 जनवरी 2022 अनुसार वर्ष 1998 से प्रचलित 209 अनाधिकृत कॉलोनियों में भवन निर्माण अनुमति दिए जाने की स्वीकृति हुई थी। इसके बाद 22 जुलाई 2022 को पारित नगर निगम प्रशासक संकल्प के अनुसार शेष 103 अनाधिकृत कॉलोनियों में विकास शुल्क की राशि 18 रुपए प्रति वर्गफिट निर्धारित करने की स्वीकृति एवं भवन निर्माण अनुज्ञा दिए जाने की अनुमति दी गई।

अनाधिकृत कॉलोनियों का अभिन्यास अनुमोदित न होने के कारण मध्यप्रदेश राजपत्र 27 नवंबर 2015 में प्रकाशित नियम 26 के संशोधन (2) 26ख के बिंदू क्रमांक 2 के माध्यम से पंजीकृत वास्तुविद्/संरचना इंजीनियर के माध्यम से प्राप्त की गई भवन अनुज्ञा अमान्य की गई है।

इन कॉलोनियों में भवन अनुज्ञा नगर निगम द्वारा प्रदत्त की जाएगी। निगम प्रशासन ने पंजीकृत वास्तुविद्/संरचना इंजीनियर को सूचित भी किया है कि उक्त अनाधिकृत कॉलोनियों में भवन अनुज्ञा जारी न करें अन्यथा लायसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

### संपत्ति-जलकर देने वालों को राहत

# 25 से 100% तक सरचार्ज माफ होगा, दो किश्तों में जमा करवाने की सुविधा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के संपत्ति और जलकर देने वालों को नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने बड़ी राहत दी है। नेशनल लोक अदालतों में 25 से 100त्न तक सरचार्ज (अधिभार) में छूट मिलेगी। दो किश्तों में यह राशि जमा करवाने की सुविधा भी मिलेगी। नेशनल लोक अदालत 11 फरवरी को




लगेगी। वहीं, 13 मई, 9 सितंबर और 9 दिसंबर को लगने वाले अदालतों में ही छूट दी जाएगी, जो सिर्फ एक बार मिलेगी। मंत्री भूपेंद्र सिंह के निर्देश के बाद विभाग ने यह आदेश जारी कर दिए। सभी निगम कमिश्नर, नगर पालिका और नगर परिषद के सीएमओ को निर्देश दिए गए हैं कि वे नियमानुसार उपभोक्ताओं को छूट का फायदा दें।

### छूट पाने के लिए यह करना होगा

- लोक अदालत में यह छूट वित्तीय वर्ष 2022-23 तक की बकाया राशि पर देय होगी।
- छूट के बाद राशि अधिकतम 2 किश्तों में जमा करवाई जा सकेगी।
- इसमें से कम से कम 50 प्रतिशत राशि लोक अदालत के दिन और शेष राशि अधिकतम एक माह में जमा कराना अनिवार्य होगा।

### प्रॉपर्टी टैक्स

- ऐसे प्रकरण, जिनमें कर एवं अधिभार की राशि 50 हजार रुपए तक बकाया है, उनमें मात्र अधिभार में 100त्न तक की छूट दी जाएगी।
- जिन प्रकरणों में कर एवं अधिभार की राशि 50 हजार रुपए से अधिक एवं एक लाख रुपए तक है, उनमें 50त्न तक की छूट दी जाएगी।
- जिन प्रकरण में कर एवं अधिभार की राशि एक लाख रुपए से अधिक बकाया है, उनमें मात्र अधिभार में 25त्न तक की छूट मिलेगी।

### जलकर

- जल कर/उपभोक्ता प्रभार के ऐसे प्रकरण, जिनमें कर, उपभोक्ता प्रभार एवं अधिभार की राशि 10 हजार रुपए तक बकाया है, उनमें अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।
- ऐसे प्रकरण, जिनमें जल कर/उपभोक्ता प्रभार एवं अधिभार की राशि 10 हजार से अधिक तथा 50 हजार तक बकाया है, उनमें अधिभार में 75त्न तक की छूट दी जाएगी।
- ऐसे प्रकरण, जिनमें जल कर/उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि 50 हजार से अधिक बकाया है, उनमें अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

## विकास यात्रा में जर्जर भवन का लोकार्पण कराने पर भड़के मंत्री, दो अभियंताओं को सस्पेंड करने के निर्देश

**अकोदिया।** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले सरकार प्रदेशभर में विकास यात्रा निकाल रही है। इस दौरान कई जगहों पर कुछ अलग ही नजारे दिखाई दे रहे हैं। ऐसा ही कुछ शाजापुर में देखने को मिला। मंत्री इंदर सिंह परमार जब शाजापुर जिले में पहुंचे तो यहां उनसे एक ऐसे भवन का लोकार्पण करा लिया गया, जिसकी छत क्षतिग्रस्त थी और टाइल्स उखड़ी हुई थीं। ये देख मंत्रीजी भी उखड़ गए और उन्होंने तत्काल निर्माण काम के लिए जिम्मेदार इंजीनियर को सस्पेंड करने के निर्देश दे दिए। उधर पूर्व सरपंच का कहना है कि उस भवन का लोकार्पण तो 6 साल पहले हो गया था।

मामला शाजापुर जिले के चापड़िया गांव का है। दरअसल, स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री इंदर सिंह परमार मंगलवार को यहां पहुंचे। उन्हें यहां एक पंचायत भवन का लोकार्पण करना था। वे अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वहां पहुंचे और तयशुदा कार्यक्रम के अनुसार उद्घाटन भी किया गया। हालांकि फीता उन्होंने खुद ना काटते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया से कटवाया। लोकार्पण के दौरान हंसी-खुशी माहौल था। लेकिन जैसे ही मंत्री अंदर गए घटिया निर्माण देखकर नाराज हो गए और माहौल तनावपूर्ण हो गया।



मंत्री परमार ने देखा कि नवनिर्मित भवन की टाइल्स उखड़ी हुई हैं। छत भी क्षतिग्रस्त है। बस फिर क्या था मंत्री ने पहले मौके पर मौजूद अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई। फिर जिला कलेक्टर दिनेश जैन को फोन लगाकर 2 इंजीनियरों को तत्काल सस्पेंड करने के निर्देश दिए। इस घटना का वीडियो बुधवार को सामने आया।

**जांच कमेटी गठित करने के भी दिए निर्देश-** मंत्री इंदर सिंह परमार ने घटिया निर्माण कार्य को लेकर कलेक्टर दिनेश जैन को फोन लगाया और अपनी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि चापड़िया गांव में पंचायत भवन बना है जिसका लोकार्पण मुझसे कराया गया। टाइल्स टूटी हुई है, टाइल्स धंसी हुई है। छत भी गिर गई। शासन ने विकास करने के लिए पैसा दिया है, और कहीं ना कहीं इसमें जिम्मेदारों की मिलीभगत से भ्रष्टाचार किया गया है। इसकी जांच होना चाहिए। जिस इंजीनियर ने निर्माण कार्य में अनियमितता दिखाई और जिसने मुझसे लोकार्पण कराया। दोनों को सस्पेंड किया जाए। इसके बाद भी मंत्री नहीं रुके। उन्होंने कलेक्टर दिनेश जैन को एक जांच कमेटी गठित करने के भी निर्देश दिए और कहा कि इस मामले में कैसे घटिया काम हुआ इसकी पूरी डिटेल मुझे चाहिए।

## मध्यप्रदेश महिला हाकी टीम ने हरियाणा को हराकर किया फायनल में प्रवेश

ग्वालियर। मध्यप्रदेश की महिला हाकी टीम ने गुरुवार सुबह हुए सेमीफायनल मुकाबले में हरियाणा की टीम को हराकर फायनल में प्रवेश किया। पूरे मैच में एमपी की टीम हरियाणा की टीम पर भारी रही और दवाब बनाए रखा। जिसकी वजह से हरियाणा की टीम एक भी गोल नहीं कर पाई। खासबात यह रही कि महिला हॉकी टीम का उत्साह वर्धन करने के लिए प्रदेश की खेल एवं युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया पूरे समय स्टेडियम में मौजूद रहीं।



खेला इंडिया यूथ गेम्स में गुरुवार सुबह एमपी विमेंस हॉकी टीम का मुकाबला हरियाणा की महिला टीम से था। मुकाबला शुरू होने के साथ ही मध्यप्रदेश की टीम ने हरियाणा की टीम पर दवाब बना लिया। पूरे मैच में मध्यप्रदेश की टीम ने हरियाणा के खिलाड़ियों को छकाते हुए दो गोल दाग दिए। पूरे समय में हरियाणा टीम मध्यप्रदेश पर दवाब नहीं बना पाई और एक भी गोल नहीं कर पाई।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने मैच शुरू होने से पहले दोनों टीम की खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह भी मौजूद थे। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया मैच के आरंभ से अंत तक खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए मौजूद रहीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा सालों की मेहनत से खेलों के लिए तैयार हुई उत्कृष्ट अधोसंरचना व खेल सुविधाओं की बदौलत मध्यप्रदेश को प्रतिष्ठित खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मेजबानी मिली है। उन्होंने कहा साई (स्पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया) सहित खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भाग लेने आए खिलाड़ियों, कोच व ऑफिशियल्स ने मध्यप्रदेश में मिली सुविधाओं की सराहना की है। खेल मंत्री सिंधिया ने कहा मध्यप्रदेश में खेल सुविधाओं का विस्तार लगातार जारी रहेगा।

